Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 255 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शनिवार 06 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



ईर्ष्या खाती है अंतरात्मा को, लालच खाता है ईमान को, क्रोध खाता है अक्ल को।

Jealousy eats soul, greediness eats honesty, anger eats the mind.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### उरी में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को किया नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक और आतंकवादी को ढेर कर दिया। सेना के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों ने बताया कि सहुरा नाला में घुसपैठ करने वाले समूह के खिलाफ कार्रवाई के दौरान आतंकवादी को ढेर कर दिया गया। अब दो आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। इससे पहले शुक्रवार सुबह नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने संदिग्ध गतिविधियों को भांपते हुए तत्काल उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

### नक्सलियों ने की ग्रामीण की गला रेतकर हत्या

**नारायणपुर-रायपुर (विसं)।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र नारायणपुर से सनसनीखेज मामला सामने आया है. नक्सलियों ने कायराना हरकत करते हुए एक ग्रामीण की गला रेतकर की हत्या कर दी है. घटना से इलाके में दहशत का माहौल है. वहीं पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. यह मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है. घटना की पुष्टि नारायणपुर एसपी ने की है। जानकारी के अनुसार, छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के तुरूसमेटा गांव के एक ग्रामीण की नक्सलियों ने गला रेतकर हत्या कर दी है. मृतक ग्रामीण आत्मसमर्पित नक्सली बताया जा रहा है.

## ‘हताशा और निराशा मोदी के पास फटक भी नहीं सकती’ : पीएम नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री ने राजस्थान के चुरू में की चुनावी रैली**



**चुरू/राजस्थान (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान के चुरू में चुनावी रैली की। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए तीसरे कार्यकाल के लिए जनता से मौके की मांग करते हुए अपने कामकाज गिनाए। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि अब तक जो उन्होंने काम किया है वह सिर्फ ट्रेलर है। उन्होंने इसे खाने की थाली से पहले परोसे जाने वाला एपिटाइजर बताया। प्रधानमंत्री तीन तलाक की प्रथा को खत्म किए जाने का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने हर मुस्लिम परिवार की रक्षा की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, जो अब तक हुआ है वह ट्रेलर है। आज कल बड़े हॉटल में खाना खाते हैं तो पहले एपिटाइजर लेकर आते हैं। कभी लगता है कि यार पेट भर गया खाना क्या खाएंगे। मोदी ने जो किया है वह ऐपेटाइजर है अभी तो पूरी थाली आनी बाकी है। बहुत कुछ करना है, बहुत सपने बाकी हैं। हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है।

प्रधानमंत्री ने जनसभा में कांग्रेस पर जमकर कटाक्ष किया. प्रधानमंत्री ने रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में विकास चरम पर है. कोरोना काल में भी विकास नहीं रुका था. हमने गरीबों को पक्के घर दिया, वो भी महिलाओं के नाम पर ये घर दिया गया. पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के विकास देखकर दुनिया हैरान है. कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब नियत सही हो तो नजीते भी सही आते हैं. पिछले 10 साल में जितना विकास हुआ वो पहले कभी भी देखने को नहीं मिला. अब पैसा सीधे गरीब के खाते में जाता है. पहले बिचौलिए पूरा पैसा गरीबों तक नहीं पहुंचने देते थे. उन्होंने कहा कि बीजेपी गरीबों के साथ है. आज पूरे देश में मोदी की गारंटी की चर्चा होती है.

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन की खास बातें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुरू में चुनावी जनसभा में कहा कि बीते दस साल में मोदी ने देश में जो काम किए हैं उन्होंने विकसित भारत की नींव तैयार कर दी है. पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरा देश ‘विकसित भारत’ के संकल्प पर काम कर रहा है और इसमें राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है. ऐसा क्योंकि जब राजस्थान विकसित होगा तो भारत भी विकसित होगा. रैली में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन के हर पड़ाव पर बीजेपी सरकार गरीब के साथ खड़ी है, जो काम इतने दशक में नहीं हुए वह हमने दस साल में किया है.

चुरू में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हताशा, निराशाज ये मोदी के पास भी नहीं फटक सकती हैं. पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी जो कहती है वह जरूर करती है, दूसरी पार्टियों की तरह हमारी पार्टी केवल घोषणा पत्र जारी नहीं करती है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम संकल्प पत्र लेकर आते हैं. हमने 2019 में संकल्प पत्र जारी किया था, उसके ज्यादातर संकल्प पूरे हो चुके हैं. पीएम मोदी ने कहा कि सेना का अपमान और देश का विभाजन यह कांग्रेस की पहचान है. प्रधानमंत्री ने कहा कि जांच एजेंसी ईडी ने दस साल में एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है.

### हर मुस्लिम परिवार की रक्षा की : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि तीन तलाक पर कानून हमारी मुस्लिम बहनों की मदद कर रहा है। मेरी मुलमान माताएं बहनें समझे यह तीन तलाक आपके जीवन पर तो खतरा था ही, मेरी मुस्लिम बेटियों के सिर पर तलवार लटकती रहती थी मोदी ने आपकी रक्षा तो की ही है, मोदी ने हर मुस्लिम परिवार की भी रक्षा की है। मुस्लिम परिवार का वह पिता सोचता था कि बेटी की शादी करके भेजा तो है, दो-तीन बच्चे हो जाएंगे उसके बाद वह तीन तलाक करके भेज देगा तो मैं बेटी को कैसे संभालूं।

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र, 5 न्याय और 25 गारंटी का वादा




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कांग्रेस मुख्यालय में लोकसभा चुनाव, 2024 के लिए कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए। *फोटो- कमल नयन नारंग*

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है. पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में 5 न्याय शामिल किया है. इसमें युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय का जिक्र है. कांग्रेस का कहना है कि हम मिलकर इस अन्याय काल के अंधेरे को दूर करेंगे और भारत के लोगों के लिए एक समृद्ध, न्याय से भरे और सामंजस्यपूर्ण भविष्य का रास्ता बनाएंगे. कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने इसे न्याय पत्र नाम दिया है. इस मेनिफेस्टो में कांग्रेस ने जनता को 25 गारंटियां दी हैं, जिसमें सबसे अहम गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए की मदद देने का वादा है.

इतना ही नहीं, अपने मेनिफेस्टो में कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है कि देश में उसकी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना कराएगी और आरक्षण की अधिकतम सीमा को बढ़ा कर 50 प्रतिशत से ज्यादा करेगी. कांग्रेस ने यह भी कहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को वह सभी वर्गों के गरीबों के लिए बिना भेदभाव के लागू करेगी. घोषणा पत्र में कांग्रेस ने यह भी कहा है कि सरकार में आने के बाद वह नई शिक्षा नीति को लेकर राज्य सरकारों के साथ परामर्श करेगी और इसमें संशोधन करें करेगी.

**10 वर्षों में हुए भ्रष्टाचार की होगी जांच :** कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में ऐलान किया कि केंद्र में सरकार बनने पर पिछले 10 वर्षों में हुए भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कराई जाएगी. इसके लिए ऊपरी अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट के साथ विचार विमर्श कर राष्ट्रीय न्यायिक आयोग का गठन करेगी. इस मौके पर कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, पार्टी की घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे.

**कांग्रेस घोषणापत्र के 5 न्याय क्या हैं? :** कांग्रेस का घोषणापत्र पार्टी के 5 न्याय- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित है. पार्टी ने युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है, उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत 1 लाख रुपये देने का वादा शामिल है. पार्टी ने हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति जनगणना कराने की गारंटी दी है. किसान न्याय के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है. -शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस के मेनिफेस्टो की बड़ी घोषणाएं...

● राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन 400 रुपये प्रतिदिन की गारंटी. ● प्रत्येक गरीब भारतीय परिवार की महिला को प्रति वर्ष 1 लाख रुपये प्रदान करने के लिए महालक्ष्मी योजना की शुरुआत करेंगे. ● जम्मू-कश्मीर को तुरंत पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेंगे. ● स्वास्थ्य सेवा के लिए 25 लाख रुपये तक के कैशलेस बीमा का राजस्थान मॉडल देशभर में अपनाया जाएगा. ● अग्निपथ योजना को खत्म करेंगे और सशस्त्र बलों को पूर्ण स्वीकृत ताकत हासिल करने के लिए सामान्य भर्ती फिर से शुरू करेंगे. ● देशव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना कराई जाएगी. ● एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा बढ़ाने के लिए संवैधानिक संशोधन पारित किया जाएगा. ● ईडब्ल्यूएस के लिए नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों में 10 प्रतिशत कोटा बिना किसी भेदभाव के सभी जातियों, समुदायों के लिए लागू किया जाएगा. ● 25 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक डिप्लोमा धारक या स्नातक को एक वर्ष की प्रशिक्षुता प्रदान करने के लिए नए प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम की गारंटी. ● हर साल सरकार द्वारा घोषित एमएसपी को कानूनी गारंटी देने का वादा. ● केंद्र सरकार में विभिन्न स्तरों पर स्वीकृत पदों में लगभग 30 लाख रिक्तियां भरी जाएंगी. ● भाजपा में शामिल होने के बाद कानून से बचने की इजाजत देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ आरोपों की जांच की जाएगी.

## पीएम मोदी के नेतृत्व में 2029 तक भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा : संजय श्रीवास्तव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल के बारे में तथ्यहीन और अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल में हुए ऐतिहासिक कार्यों को हजम नहीं कर पा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है सन 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस लक्ष्य के साथ पीएम मोदी एक संकल्प के साथ मिशन में जुटे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत यूनाइटेड किंगडम को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की ही अर्थव्यवस्था भारत से बड़ी है और 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना मोदी जी का लक्ष्य है। यूपीए सरकार ने रक्षा के क्षेत्र में 10 साल में मात्र 4 हजार करोड़ के हथियार का निर्यात किया था। पीएम मोदी के 10 साल में 83 हजार करोड़ का रक्षा क्षेत्र में निर्यात करने वाला भारत बन गया है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में 25 करोड़ से ज्याद युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिले हैं। यूपीए की सरकार में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई का दंश झेल रहे देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उबारने का काम किया है। आज तमाम विदेशी कंपनियां भारत में अपने उद्योगों को लगा रही है। जिससे बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी हमेशा आधारहीन और अनर्गल प्रोपोगंडा के तहत मोदी सरकार का दुष्प्रचार करते हैं। लेकिन इनके झूठ की पोल नीति आयोग की रिपोर्ट खोल रही है कि पीएम मोदी के कार्यकाल में मात्र 9 साल में ही 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। कांग्रेसियों को सच्चाई बतानी चाहिए कि छत्तीसगढ़ में भी करीब 40 लाख से अधिक लोग गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकले हैं। इन 10 वर्षों में छत्तीसगढ़ के भी 40 से 60 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाएं ही है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के चलते छत्तीसगढ़ की जनता डबल इंजन की सरकार बनाने जा रही है। विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को वोट देंगे। इस बार 11 की 11 लोकसभा सीटें जीतेंगे।

## विद्युत विभाग के सब डिवीजन कार्यालय में लगी भीषण आग



**रायपुर (विश्व परिवार)।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के भारत माता चौक के पास बिजली विभाग के सब डिवीजन कार्यालय में आज दोपहर लगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, रायपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय भंडार में आज दोपहर 1.30 से 2 बजे के बीच आग लगी। यह भंडार लगभग 8 एकड़ में है। यहां नये-पुराने मिलाकर लगभग 4 हजार ट्रांसफामर मीटर, कंडक्टर, अन्य सामान रखा होना अनुमानित है। आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। आग बुझाने में नगर निगम रायपुर के अलावा माना एयरपोर्ट, बीएसपी, उरला-सिलतरा के अग्निशमन दस्तों का भरपूर सहयोग मिला। आग लगने की खबर लगते ही छत्तीसगढ राज्य पावर कंपनियों के अध्यक्ष व ऊर्जा विभाग व मुख्य मंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, एमडी श्री राजेश कुमार शुक्ला सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी स्थल पर पहुंच गये थे। पी. दयानंद ने आग को फैलने से रोकने और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के निर्देश दिये और लगातार संपर्क में रहे। जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक आग पर काबू पाने के लिए स्वयं उपस्थित रहकर प्रशासनिक अमले को निर्देश देते रहे, जिससे आग बुझाने और अन्य व्यवस्था व बेहतर समन्वय बनाने में मदद मिली।

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने किया डॉ. चरणदास महंत का बचाव



**रायपुर (विसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत के बयान पर मचे बवाल के बीच अब इस विवाद में पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी कूद गए हैं। उन्होंने डॉ. महंत का बचाव करते हुए लिखा कि जो कुछ नेता प्रतिपक्ष चरसणदास महंत ने कहा वह छत्तीसगढ़ी भाषा के मुहावरे में कही गई बात है। लोकोक्तियों से समृद्ध छत्तीसगढ़ भाषा को जानने-समझने वाला और छत्तीसगढ़ लोक जीवन से जुड़ा हर व्यक्त इसे जानता है। उनका आशय घमंड तोड़ने से था। इस मुहावरे को भाजपा के नेता नहीं समझ सकते। वे छत्तीसगढ़ी भाषा संस्कृति को नहीं समझते। इस तथ्य के बावजूद महंत जी ने विनम्रता से कहा है कि अगर इसका गलत अर्थ निकाला गया है तो वे खेद व्यक्त करते हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के बयान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने कसा तंज


### कहा- कांग्रेस में घोर हताशा और निराशा



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनांदगांव समेत प्रदेश की लोकसभा सीटों से 384 उम्मीदवारों को नामांकन पत्र जमा करने की अपील पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तंज कसते हुए कहा कि पहले इतना नामांकन जमा तो करा लें। जिनको लोकतंत्र के महापर्व पर भरोसा नहीं है उनके बारे में क्या कहें?

सीएम श्री साय ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में भाजपा के पक्ष में वातावरण बन गया है। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। राजनांदगांव लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय की नामांकन रैली में उमड़ी भीड़ इस बात का सबूत है। रैली में कार्यकर्ताओं की ऐतिहासिक भीड़ थी। भीड़ देखकर और कार्यकर्ताओं के मन में जग रहे उत्साह से यह साफ हो गया है कि इस बार हम प्रदेश की सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। कांग्रेस में हताशा का माहौल है। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। मैं भरोसे के साथ कह सकता हूं कि इस बार छत्तीसगढ़ की पूरी सीटें हम जीतेंगे। आरएसएस के संबंध में कांग्रेस के नेताओं की टिप्पणी के सवाल पर सीएम साय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचाराधारा से ये वाकिफ नहीं हैं। तभी ऐसी बातें कर रहे हैं। जिन लोगों ने यह टिप्पणी की है उनको यह याद रखना चाहिए कि कांग्रेस के बड़े नेता समय-समय पर आरएसएस की विचारधारा और कामकाज के तरीके को लेकर गुणगान कर चुके हैं।

## आज अमित शाह करेंगे आम सभा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत में लोकसभा चुनावों कीतारीखें नजदीक आ रही हैं, जिससे चुनावी गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है। इसी बीच छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव इस बार चर्चा का केंद्र बन गया है, जो कि इस प्रदेश की हॉट सीट बन गयी है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने इस सीट के लिए अपने प्रत्याशियों का चयन किया है, और चुनावी मैदान में उनका प्रचार-प्रसार भी तेजी से चल रहा है। वही लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र 6 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक आम सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर उन्हें अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को समर्थन और प्रोत्साहन देने का काम होगा।

## जनता ने ठाना है, मोदी सरकार का झूठ मिटाना है : लालू



**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए झूठ को लेकर घेरा है। उन्होंने मोदी सरकार को झूठ का दरबार बताते हुए कहा कि जनता ने ठाना है, मोदी सरकार का झूठ मिटाना है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने सोशल मीडिया एक्स पर कविता के अंदाज में लिखा- झूठ का अंबार- मोदी सरकार, झूठ का दरबार- मोदी सरकार, झूठ का भंडार-मोदी सरकार, झूठ का व्यापार- मोदी सरकार, झूठ की बयार-मोदी सरकार, झूठ की बहार-मोदी सरकार, झूठ की कतार-मोदी सरकार।

## भगवान महावीर का 2623वॉं जन्म कल्याणक महामहोत्सव रायपुर सकल जैन समाज धूमधाम से मनाएगा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की पावन धरा राजधानी रायपुर में सकल जैन समाज हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 दिवसीय 2623 वा महावीर जन्म कल्याणक महामहोत्सव बड़े धूम धाम से मनाएगा जन्म कल्याणक महोत्सव समिति 2024 के अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा महासचिव वीरेंद्र डागा कोषाध्यक्ष अमित मूणत कार्यकारी अध्यक्ष अमर बरलोटा मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया की महावीर जयंती जैन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में से एक है, जो हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को महावीर जन्म उत्सव मनाई जाती है। यह त्यौहार भगवान महावीर के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है जो कि भारतीय इतिहास में सभी इंद्रिय संयम को धारण करने वाले एक महान तीर्थंकर धर्मप्रचारक थे। इस साल महावीर जयंती 21अप्रैल 2024 रविवार को है। जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म बिहार के कुडलपुर में हुआ था। भगवान महावीर के बचपन का नाम वर्धमान था। कहा जाता है कि 30 वर्ष की आयु में इन्होंने राज महलों के सुख को त्याग कर सत्य की खोज में जंगलों की ओर मोक्ष मार्ग प्रशस्त करने विहार कर गए। घने जंगलों में रहते हुए इन्होंने बारह वर्षों तक कठोर तपस्या की, जिसके बाद ऋजुबालुका नदी के तट पर साल वृक्ष के नीचे उन्हें कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। जैन धर्म के अनुसार जो व्यक्ति भावनाओं और इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर सकता हैं, वही तीर्थंकर कहलाता है। भगवान महावीर ने अपने राज-पाट का त्याग कर के संन्यास मार्ग अपना लिया था। राज परिवार में जन्म लेने के बावजूद भी महावीर स्वामी को उस जीवन में कोई रस नहीं था। 30 साल की उम्र में उन्होंने खुद को समस्त संसार से दूर कर लिया और आत्म कल्याण के रास्ते पर निकल पड़े थे। बता दें कि महावीर जन्म उत्सव का पर्व जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा जन कल्याण के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है।भगवान महावीर ने समाज के सुधार और लोगों के कल्याण के लिए उपदेश दिए।महावीर स्वामी को समस्त जैन समुदाय में श्रद्धा के साथ याद किया जाता है और इस अवसर पर रायपुर राजधानी के सभी जिनालयो, जैन मंदिरों में पूजा अर्चना, प्रभात फेरी, शोभायात्रा, सम्मेलन, संत समागम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भोग प्रसादी भंडारा, आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। धार्मिक ग्रंथों के पाठ और व्याख्यानों का आयोजन किया जाता है। विश्वस्तरीय महावीर जन्म कल्याणक महामहोत्सव इस वर्ष भी काफी धूम-धाम से मनाई जाएगा सर्वप्रथम दिनाक 6/04/2024 दिन शनिवार से 20 अप्रेल 2024 तक 15 दिवसीय प्रभात फेरी का शुभारंभ होगा जो की राजधानी रायपुर के अलग अलग जैन मंदिरों, कॉलोनी, मोहल्लो, वार्डो से निकाली जायेगी यह प्रभात फेरी प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से निकली जायेगी जिसमे पुरुष वर्ग श्वेत एवं महिलाए केसरिया परिधान में शामिल होंगी प्रतिदिन प्रभात फेरी पश्चात 5 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चो के लिए धार्मिक फैंसी ड्रेस एवं धार्मिक प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम होगा। 6 अप्रैल शनिवार को प्रभात फेरी का शुभारंभ होगा। सुबह 6.30 बजे यह प्रभात फेरी न्यू राजेंद्र नगर स्थित श्वेतांबर जैन मंदिर वर्धमान नगर से शुरू होकर अम्लीडीह चौक होते हुए वापस श्वेतांबर जैन मंदिर वर्धमान नगर में समाप्त होगी प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 7 अप्रैल को जीव दया दिवस का आयोजन किया गया है जो की प्रात: 6 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे समाप्त होगा जिसमे राजधानी के पशु पक्षियों मवेशियों कि सेवा की जायेगी, प्रात: 10 से शाम 5 बजे तक बजे स्किल डेवलपमेंट का कार्यक्रम रखा गया है, दिनाक 12 अप्रैल को सामुहिक सामायिक आराधना, दिनाक 14 अप्रैल को प्रात: 8 बजे जैन ध्वजा रोहण एवं अन्य कार्यक्रम, दिनाक 15 अप्रैल को जैन व्यापार मेला एवं जैन गोट टेलेंट शो, दिनाक 16 अप्रैल को संस्कृति की शाम जिनशासन के नाम, 17 अप्रैल को माता त्रिशला के लाल वर्धमान महावीर, 18 अप्रैल को प्रभु की भावपूर्ण भक्ति, 19 अप्रैल को मोक्ष के प्रेमी एवं शाली भद्र पर भव्य नाटिका, 20 अप्रैल को जैन कवियत्री सम्मेलन, 21 अप्रैल को सुबह विशाल भव्य शोभा यात्रा, स्वास्थ्य शिविर, शासन रत्न सम्मान, भगवान महावीर की 2623 दीपो से आरती आदि कार्यक्रम आयोजित किए जायेगा प्रतिदिन आम नागरिकों के लिए राजधानी रायपुर के विभिन्न स्थानों में महावीर प्रसादी भंडारा के आयोजन के साथ 15 दिवसीय रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। सम्पूर्ण आयोजन में प्लास्टिक का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। -**प्रणीत जैन**

# नए तकनीक की मदद से विकलांग रोगियों के पुनर्वास में मदद करें पीएमआर चिकित्सक

**एम्स में दो दिवसीय कार्यशाला और सीएमई सम्पन्न, 40 विशेषज्ञों ने लिया भाग**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** देशभर के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहेब्लिटेशन (पीएमआर) विशेषज्ञों ने ऑस्टियो आर्थराइटिस, रुमेटाइड आर्थराइटिस, स्पाइनल कॉर्ड, ऑटिज्म आदि के रोगियों को राहत देने के लिए नई तकनीक का सहारा लेने का आह्वान किया है। विशेषज्ञों का कहना था कि बढ़ती जनसंख्या के कारण वर्ष 2050 तक भारत में ऐसे रोगियों की संख्या सर्वाधिक होगी ऐसे में पीएमआर विशेषज्ञों को अत्याधुनिक तकनीक की मदद से रोगियों का पुनर्वास करना होगा। ये विशेषज्ञ एम्स के पीएमआर विभाग और इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीएमआर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला और सीएमई में भाग ले रहे थे।

सीएमई का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने कहा कि पीएमआर की सबसे पहले आवश्यकता सेना को हुई थी। अभी भी भारतीय सेना इंजीनियर्स की मदद से विकलांग हुए सैनिकों के पुनर्वास में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि एम्स का पीएमआर विभाग गुणवत्तापूर्ण कृत्रिम अंगों को प्रदान कर रहा है। रोगियों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

चिकित्सा अधीक्षक प्रो. रेनू राजगुरु ने कहा कि कार्यशाला की मदद से पीजी छात्रों को पीएमआर में प्रयुक्त की जा रही नई तकनीक के बारे में जानकारी मिल सकेगी। एम्स पटना के पीएमआर विभागाध्यक्ष और आईएपीएमआर के महासचिव प्रो. संजय कुमार पांडे का कहना था कि वर्ष 2050 तक भारत में पीएमआर के रोगियों की संख्या सर्वाधिक होगी। इसमें रीढ़ की हड्डी और खेलों में घायल रोगियों की संख्या सबसे अधिक होने की संभावना है। अतः पीएमआर विशेषज्ञों को नई तकनीक की मदद से रोगियों का पुनर्वास करना होगा।

आयोजन सचिव डॉ. जयदीप नंदी ने बताया कि कार्यशाला और सीएमई में पीएमआर संबंधी सात प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई जिसमें नई तकनीक जैसे थ्री-डी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स, री-जनरेटिव मेडिसिन का प्रयोग, पल्मोनरी और कॉर्डियक रिहेब्लिटेशन, प्लाज्मा थैरेपी, एक्सटर्नल स्टीम्यूलेशन से दर्द में राहत जैसे विषय शामिल हैं। कार्यशाला में गेट एवं मोशन लैब की मदद से लाइव सेशन में रोगियों की जांच की गई। लकवा या दुर्घटना में घायल रोगियों की तंत्रिका तंत्र को समझन के लिए मोशन सेंसर्स की मदद से उनकी जांच भी की गई। कार्यशाला में देशभर के 40 विशेषज्ञों ने भाग लिया।

सीएमई में अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल भी उपस्थित थे। सीएमई और कार्यशाला में एम्स पटना, एम्स कल्याणी, राम मनोहर लोहिया अस्पताल दिल्ली, सवाई मान सिंह अस्पताल जयपुर, ईएसआईसी फरीदाबाद, गाँधी हॉस्पिटल पटना के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

# एनआईटी रायपुर में मानसिक स्वास्थ्य सुधार हेतु ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर विश्व स्वास्थ्य दिवस को चिह्नित करने हेतु 4 अप्रैल 2024 को एम्पावरिंग एजुकेटर्स थीम पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) और 5 अप्रैल 2024 को एक एग्जाम सीज़न सर्वाइवल गाइड- थ्राइव थ्रू टेस्ट्स का आयोजन किया गया। वर्ल्ड हेल्थ डे हर वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कुमारी शिवली श्रीवास्तव, मनोवैज्ञानिक और बेटरस्पेस की सह संस्थापक रही। सेमिनार स्वस्थ संचार, सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा और कक्षा के अंदर और बाहर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम रखने की नीतियों पर केंद्रित था।

यह कार्यक्रम डीन स्टूडेंट वेलफेयर, स्वास्थ्य सेवा विभाग और एनआईटी रायपुर के छात्र मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण समिति, द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ. एम.के.प्रसाद, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौम्या अग्रवाल, और कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ. दीपक सिंह द्वारा किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. एन.वी. रमना राव, डीन (प्लानिंग एंड डेवलपमेंट) डॉ. आर.के. त्रिपाठी, डीन (अकादमिक) डॉ श्रीश वर्मा और डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ. नितिन जैन ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। इस दौरान अन्य फैकल्टी मेंबर्स और विद्यार्थी भी मौजूद रहे। पहले दिन सभा को संबोधित करते हुए, डॉ. एन.वी. रमना राव ने छात्रों के बीच तनाव मुक्त वातावरण बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम रखने के लिए शिक्षकों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया।

इसके बाद फैकल्टी डेवलप्मेंट कार्यक्रम में कुमारी शिवली श्रीवास्तव के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया। शिवली श्रीवास्तव ने स्वस्थ संचार और सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए अपनी विशेषज्ञता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जो शिक्षकों और छात्रों के बीच सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ने छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का माहौल बनाया। संस्थान का लक्ष्य सहयोगात्मक प्रयासों और विभिन्न पहलुओं के माध्यम से, छात्र कल्याण और शैक्षणिक उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

दूसरे दिन 5 अप्रैल को शिल्पी श्रीवास्तव ने सत्र की शुरुआत बेटरस्पेस के परिचय के साथ की जो लोगों के मानसिक और यौन स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए काम करता है। यह 35 भाषाओं और बोलियों में लोगों के मानसिक स्वास्थ को उत्तम रखने के लिए काम करता है। उन्होंने तनाव, इसके कारणों और इससे जुड़ी अन्य चिंताओं के बारे में बात की और हैंड ब्रेन मॉडल का उपयोग करके ब्रेन के स्ट्रक्चर को उन्होंने समझाया। उन्होंने कुछ प्रमुख उपाय बताए जो बेहतर तनाव प्रबंधन, इसे सकारात्मक रूप से संभालने और चिंताजनक समाधानों से निपटने में मदद कर सकती हैं जिसमें नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहार, उचित नींद कार्यक्रम, स्क्रीन समय में कटौती, समय प्रबंधन, वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना और सीमाएं निर्धारित करना इत्यादि शामिल रहा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 19 अप्रैल को राजनांदगांव में हो सकती है चुनावी सभा




**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उम्मीदवारी से हाई प्रोफाइल बनी इस सीट पर भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ने की योजना के साथ काम कर रही हैं। 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजनांदगांव जिले में बड़ी चुनावी सभा ले सकते हैं। प्रारंभिक सूचना के बाद भाजपा ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। शासन-प्रशासन स्तर पर भी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

इधर छह अप्रैल को कवर्धा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सभा के साथ लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों के दौरों की शुरुआत होने जा रही है। नामांकन की प्रक्रिया के ठीक दो बाद लोकसभा चुनाव में प्रचार का रंग गहराने वाला है। छह अप्रैल को कवर्धा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा है। इसके बाद लगातार स्टार प्रचारकों का दौरा होने जा रहा है।

भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नवीन, अजय जामवाल व अन्य शीर्ष नेता का भी अगले सप्ताह से दौरा होने जा रहा है। हालांकि अभी भाजपा व कांग्रेस की तरफ से शीर्ष नेताओं का कार्यक्रम तय नहीं हो पाया है। माना जा रहा है कि 10 अप्रैल के बाद लगातार बड़ी सभाएं होंगी। इसी तरह की तैयारी कांग्रेस भी कर रही है। अभी प्रचार का जिम्मा स्वयं प्रत्याशी भूपेश बघेल ने संभाल रखा है।

**भूपेश बघेल के लिए आएंगे राहुल या प्रियंका :** चुनावी समर में कांग्रेस के भी कई दिग्गज कूदने वाले हैं। भूपेश बघेल के लिए कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी या महासचिव प्रियंका वाड्रा में से किसी एक का दौरा संभावित बताया जा रहा है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट भी बड़ी सभा करेंगे।

इसके अलावा भूपेश सरकार में मंत्री रहे प्रदेश कई नेता भी चुनावी रैली करने आएंगे। राष्ट्रीय सचिव डा. चंदन यादव पांच अप्रैल को सभी विभागों की बैठक लेने केंद्रीय कार्यालय पहुंचने वाले हैं। स्टार प्रचारकों में स्वयं बघेल भी शामिल हैं। वे नामांकन के पहले से ही क्षेत्र में लगातार दौरा कर रहे हैं।

भाजपा चुनाव संचालक मधुसूदन यादव ने कहा, कवर्धा में छह अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह की सभा है। इसके बाद 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनांदगांव जिले में बड़ी सभा लगभग तय हो चुकी है।

# मत्सकीय महाविद्यालय के छात्रों ने वोट के महत्व को जाना

**स्वर्गीय श्री पुनाराम निषाद मत्सकीय महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता अभियान**

**चुनाव का पर्व, देश का गर्व का संदेश देकर मतदाता को दिलाई गई शपथ**



**कवर्धा (विश्व परिवार)।** युवाओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने और प्रत्येक वोट के महत्व को समझने स्वर्गीय श्री पुनाराम निषाद मत्सकीय महाविद्यालय कवर्धा में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से आह्वान किया गया कि वह स्वयं वोट डाले तथा अपने परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक एवं सभी कॉलेजों वा स्कूलों में लगातार चलाए जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम मजगांव स्थित मत्सकीय महाविद्यालय में युवा मतदाताओं को प्रेरित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने युवा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वोट महत्व रखता है।लोकतंत्र में यहां हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

उल्लेखनीय है कि मत्सकीय महाविद्यालय कवर्धा में लगभग 280 छात्र छात्रा अध्यनरत है जो देश के विभिन्न राज्यों से है जैसे अरुणाचल प्रदेश उड़ीसा पश्चिम बंगाल राजस्थान सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों से यहां आकर पढ़ रहे हैं।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश दिया। श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में तीन चरणों में लोकसभा का निर्वाचन होना है। जिसमें लोकसभा संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव में दूसरे चरण में दिनांक 26 अप्रैल 2024 को मतदान किया जाएगा।सभी युवाओं से आह्वान किया गया कि वह चुनाव का पर्व देश का गर्व को चरितार्थ करते हुए शत प्रतिशत मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गई। स्वीप कार्यक्रम के दौरान मत्सकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सभी शिक्षक गण उपसंचालक पंचायत सहित जिला पंचायत कबीरधाम के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# 8-8 लाख के इनामी हार्डकोर महिला समेत दो नक्सलियों ने किया सरेंडर

**ताड़मेटला और मिनपा घटनाओं में थे शामिल**



**सुकमा (विसं)।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. यहां 8-8 लाख के इनामी हार्डकोर महिला समेत दो नक्सलियों ने सरेंडर किया है. जानकारी के अनुसार, दोनों आत्मसमर्पित नक्सली कई बड़ी घटनाओं में शामिल रह चुके हैं.

जानकारी के अनुसार, 8-8 लाख के इनामी दो हार्डकोर नक्सलियों ने एसपी किरण चव्हाण के सामने आत्मसमर्पण किया है. हार्डकोर नक्सली कलमु प्रकाश डीवीसीएम पद पर नक्सल संगठन में पदस्थ था. वहीं आत्मसमर्पित नक्सली नागेश की पत्नी रिता ने भी सरेंडर किया.

आत्मसमर्पित नक्सली कलमू प्रकाश नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी का सचिव रहा है. वह ताड़मेटला, मिनपा सहित जिले के कई बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहे है.

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का श्री रावतपुरा सरकार आश्रम रायपुर में आगमन



**श्री रावतपुरा सरकार आश्रम परिसर में मुख्यमंत्री साय ने अनंत श्रीविभूषित रविशंकर जी महाराज से राज्य की खुशहाली हेतु प्राप्त किया आशीर्वाद**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित श्री रावतपुरा सरकार आश्रम में राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री अनंत विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज से सौजन्य भेंट की। ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री बनने के उपरांत यह श्री विष्णुदेव साय जी की महाराज श्री से प्रथम भेंट है।

सनातन परंपरा के अनुरूप मंत्रोच्चारण के मध्य महाराजश्री ने तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर माननीय मुख्यमंत्री का स्वागत किया। माननीय मुख्यमंत्री ने श्री रविशंकर जी महाराज को नमन कर पुष्पमाला भेंट कर उनका आदरपूर्वक अभिनंदन किया।

माननीय मुख्यमंत्री की यह सौजन्य भेंट लगभग 30 मिनट तक चली, जिसमें महाराज श्री एवं राज्य के मुख्यमंत्री महोदय के मध्य सामाजिक समरसता एवं छत्तीसगढ़ राज्य के तीन करोड़ जनता की खुशहाली एवं लोक कल्याण हेतु मुख्यमंत्री महोदय ने महाराज श्री से आशीर्वाद लिया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**वेल्डिंग व गैस कटिंग गतिविधियों की आउटसोर्सिंग हेतु निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या : 44-यांत्रिक-वेल्डिंग-बीसीएन, दिनांक : 02.04.2024.

**कार्य का नाम :** खुली निविदा के आधार पर तीन साल की अवधि के लिए आरओएच शेड, बीसीएन यार्ड एवं बीसीएन डिपो, बिलासपुर के अंतर्गत कार्य क्षेत्र हेतु वेल्डिंग व गैस कटिंग गतिविधियों की आउटसोर्सिंग।

**निविदा मूल्य : ₹ 02,92,40,060/-** (रुपये दो करोड़ बियानबे लाख चालीस हजार साठ मात्र)। **अमानत राशि : ₹ 02,96,200/-** (रुपये दो लाख छियानबे हजार दो सौ मात्र)। **निविदा तिथि व समय :** दिनांक **24.04.2024 को 12:00** बजे खोले जाएंगे।

उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-निविदा के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (फ्रेट)
सीपीआर/10/05 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

# कलिंगा विश्वविद्यालय में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के भविष्य के पहलुओं (आई सीएफएएसटी) पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के विज्ञान संकाय ने कलिंगा विश्वविद्यालय सभागार में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के भविष्य के पहलुओं पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-ICFAST 2024 की मेजबानी की। कार्यक्रम में 252 ऑफ़लाइन और 105 ऑनलाइन प्रतिभागियों ने भाग लिया और सम्मेलन में अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए। पहले दिन के सत्र की शुरुआत उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और अतिथियों द्वारा ज्ञान और ज्ञान की प्रतीक देवी सरस्वती की प्रतिष्ठित प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस कार्यक्रम में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर, महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन के साथ-साथ डीन-अकादमिक मामले डॉ. राहुल मिश्रा और विज्ञान संकाय के डीन डॉ. आर. जयकुमार भी उपस्थित रहे। डॉ. सी एस शुक्ला, प्रोफेसर-प्लांट पैथोलॉजी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। डॉ. सुषमा दुबे, विभागाध्यक्ष-जीवन विज्ञान की देखरेख और मार्गदर्शन में स्वागत समिति द्वारा सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया गया।

डॉ. सी एस शुक्ला ने प्रकाश डाला कि विज्ञान किस प्रकार मानव कल्याण को लाभ पहुंचाता है। डॉ. श्रीधर ने निवारक दवाओं और बेहतर कृषि उत्पादों को विकसित करने में अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया और प्रतिभागियों को नई प्रगति के बारे में सीखना जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ जॉन ने बीमारी के कारण से लेकर बीमारी की रोकथाम तक अनुसंधान के विकास पर भी जोर दिया। मुख्य वक्ता का संबोधन डॉ. तरूण कुमार ठाकुर, प्रोफेसर, पर्यावरण विज्ञान विभाग, आईजीएनटीयू, अमरकंटक, उ.प्र. द्वारा दिया गया। उन्होंने वैश्विक जलवायु परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए भूमि उपयोग गतिशीलता और सी स्टॉक परिवर्तनों पर एक अद्भुत और जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया। एक अन्य मुख्य वक्ता डॉ. लोगनाथन वीरामुथु, नेशनल ताइपे यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, ताइवान के अनुसंधान सहायक प्रोफेसर ने क्वांटम यांत्रिकी पर प्रकाश डालते हुए परोव्स्काइट क्वांटम डॉट्स के पीछे रसायन विज्ञान पर व्याख्यान दिया। डॉ. रितु जैन, एसोसिएट प्रोफेसर, पर्ल एकेडमी ने युवा बनाम बुजुर्ग उपभोक्ताओं की तुलना करते हुए फैशन रेंटल ई-टेलिंग के लिए कथित कारकों की खोज पर एक व्याख्यान दिया।

दोपहर के भोजन के बाद के सत्र में डॉ मानस कांति देब, प्रोफेसर और प्रमुख, रसायन विज्ञान विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने एक जानकारीपूर्ण भाषण दिया और भारत में वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए विभिन्न विश्लेषणात्मक तकनीकों का वर्णन किया। भारत भर के विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों द्वारा कुल 120 मौखिक प्रस्तुतियाँ (ऑनलाइन और ऑफलाइन) और 30 पोस्टर प्रस्तुतियाँ दी गईं। पहले दिन के कार्यक्रम का समापन कलिंगा विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पी श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस सम्मेलन में 250 से अधिक छात्रों, अनुसंधान विद्वानों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया और विज्ञान और प्रौद्योगिकी में सीखने, नेटवर्किंग और ज्ञान-साझाकरण के बारे में वक्ताओं से बहुत कुछ जाना और सिखा। सत्र के दूसरे दिन प्रोफेसर केशव कांत साहू, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर और डॉ. चिन्मय महापात्रो, सहायक प्रोफेसर जैव प्रौद्योगिकी विभाग, एनआईटी रायपुर ने अपना व्याख्यान दिया। डॉ. साहू ने बताया कि बैक्टीरिया विस्फोट करने वाले पदार्थों को नष्ट कर सकते हैं और मिट्टी की उर्वरता और फसल की उपज में भी सुधार कर सकते हैं।

# जमाअत ए इस्लामी हिंद रायपुर यूनिट के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जमाअत ए इस्लामी हिंद रायपुर यूनिट के द्वारा 3/4/2024 बुधवार को बैरन बाजार स्थित अल-फलाह टावर में समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए विभिन्न समुदाय के साथ रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें शहर के सभी समुदाय के लोग मौजूद रहे इस कार्यक्रम, सर्व आस्था मंच के मनमोहन सिंह सैलानी जी, प्रेम शंकर गोटिया जी, ऑल मुस्लिम वेलफेयर के संरक्षक जनाब फैसल रिज़्वी साहब, दलेर सिंह, फादर sebastin, हरीश जोशी जी, भूपेंदर सिंह, हरिंदर सिंह, श्री प्रवीण जाधाव जी, श्री गोपी रक्सैल जी और शहर की बहुत सी लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

संस्था द्वारा इस इफ्तार पार्टी का आयोजन कराने का मकसद यह कि सभी समाज के लोग सभी त्यौहार एक साथ मिलकर मनाए जो लोग समाज की फिज़ा को बिगाड़ने का काम करते हैं उन्हें इस तरह के कार्यक्रम से आपसी भाईचारे और गंगा जमुना की तहजीब की मिसाल पेश की जाती है जमाअत ए इस्लामी हिंद के शहर अध्यक्ष उबैद खान ने सभी का स्वागत किया और पवित्र रमजान महीना और इफ्तार पार्टी कार्यक्रम रखने का मकसद बताया की रमजान का महीना जिसमें रोजे का मकसद लोगों के अंदर ईश्वर का भय पैदा होना, झूठ से बचना और नफ्स काबू में रखना। जमाअत ए इस्लामी हिंद के प्रदेश अध्यक्ष शफीक साहब ने बताया कि यह कार्यक्रम रखने का मकसद आपसी मेल मिलाप और भाईचारे को बढ़ावा देना और संस्था द्वारा जो वेलफेयर के जो काम किए जाते हैं उसे उन्होंने बताया।

प्रेम शंकर गोटिया जी ने बताया कि सभी मनुष्य को संसार में कुछ बनने के लिए अपने आप को तपाना पड़ता है जब तक इंसान तपे गा (मेहनत) नहीं गरेगा तो वह कामयाब नहीं हो सकता और यह रमज़ान का रोज़ा भी लोगों को जिंदगी गुजरने का तरीका सीखता है, श्री अमर भैया ने रमजान की मुबारकबाद देने के साथ कहा कि जमाअत के द्वारा यह कार्यक्रम रखकर समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारे की मिसाल पेश की है। सर्व आस्था मंच के मनमोहन सिंह सैलानी जी इस कार्यक्रम का स्वागत किया और आपसी भाईचारे बनाए बनाए रखने के लिए सभी से अपील की।

अंत में तमिलनाडु से आए जनाब अतिकुर रहमान साहब ने लोगो को इस्लाम का परिचय करया एवं देश में सबको आपस में मिलकर रहने की अपील की और अंत में उन्होंने कहा की हमारा मुल्क एक खूबसूरत बगीचे की तरह है जहां सभी रंग के फूल खिलते हैं अगर एक रंग का फूल रहेगा तो बाग के खूबसूरती नहीं रहेगी इसलिए हम सबको आपस में मिलकर और भाईचारे के साथ रहते हुए देश में अमन और शांति कायम करना है इस पैगाम के साथ उन्होंने इस इफ्तार पार्टी में आए सभी मेहमानों का आभार किया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-3**
**तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर**

**-: आम सूचना :-**

------ 0000 ------

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **ग्राम कोटा प0ह0न0 51 रा0नि0म0 रायपुर-3** तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक **वेदप्रकाश शर्मा पिता स्व. श्री राम अवतार शर्मा** निवासी **गुढ़ियारी** रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की **भूमि खसरा नम्बर 161/17 रकबा 0.0400 है./4310 वर्गफुट** का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक **15/03/2024** के परिपालन में दिनांक **10/04/2024** को 02:00 बजे पूर्वाहन/पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बंटाकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नम्बर के संबंध में जो भी उजर, दावा, अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने...

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-3, कोटा**
**तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.)**

# हार के डर से बिगडने लगे है चरणदास महंत के बोल - देवांगन

## दर्री मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में ली नुक्कड़ सभा



**कोरबा(विश्व परिवार)।** दर्री के पुरानी बस्ती में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि कांग्रेस की हार अब उनके बयानों में साफ तौर पर दिखने लगी है। कभी अपने कार्यकर्त्वों को जूते मारने की बात कर रहे हैं तो कभी हमारे देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ भी अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। दर्री मंडल में मंत्री श्री देवांगन ने तीन वार्डों में नुक्कड़ सभा ली। पुरानी बस्ती दर्री में मंत्री श्री देवांगन ने कहा पांच साल से जनता से दूरी, और कमीशनखोरी की वजह से यहां की सांसद को जनता ने इस बार पूरी तरह से बेदखल करने का ठान लिया है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की सांसद के पति डॉ चरणदास महंत अपनी सरकार में विधानसभा अध्यक्ष थे, इनको विकास करने के लिए किसने रोका था। अब महंत परिवार जब जनता के बीच जा रही है, तो उनको विरोध का का सामना करना पड़ रहा है। इसी विरोध की वजह से अब नेता प्रतिपक्ष उलजलूल बयान दे रहे हैं। उनको अपनी अब तक की सबसे बड़ी हार का डर सता रहा है। इस अवसर पर दर्री मंडल के अध्यक्ष ईश्वर साहू, पूर्व पार्षद डॉ आर सी पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष तुलसी ठाकुर, योगेश्वर गुप्ता, पार्षद गोलू पांडे, पार्षद ममता साहू, शैलेंद्र यादव, कलिंदरी राजवाड़े, महामंत्री मनोज लहरे, राधा मानिकपुरी समेत अन्य उपस्थित रहे। गोपालपुर वार्ड में नुक्कड़ सभा के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कहा की पहले विधानसभा चुनाव और अब लोकसभा में वार्डों में हम जा रहे हैं, कहीं की जनता ने आजतक ये नहीं कहा की सांसद ने कोई काम भी कराया हो, काम तो दूर की बात, जनता को पांच साल में दर्शन तक नहीं दिया। सियाहिमुडी में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कोरबा की आवाज बीते 5 साल में कोरबा से आगे नहीं जा सकी, वजह यहां की सांसद ज्योत्सना महंत की कोरबा से गायब रहना, कोई जनप्रतिनिधि लोगों के बीच रहेगा ही नहीं तो उसे समस्या कैसे पता होगा, सरोज दीदी के जितने के बाद दिल्ली तक वो हमारी आवाज बनकर जाएंगी, आपकी जो भी समस्या होगी वह तत्काल पूरी होगी।

### एसइसीएल खदान से डीजल चोरी करने वाले 6 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के दीपका थाना पुलिस के टीम ने गेवरा स्थित एसईसीएल खदान से डीजल चोरी करने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से पिकअप वाहन और दो ड्रमों में भरे 400 लीटर डीजल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को लगातार डीजल चोरी की सूचना मिल रही थी। जिससे पुलिस के टीम आरोपियों की पतासाजी कर रही थी। तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी कौशल कुमार 26 वर्ष निवासी गोपालपुर, दुर्गेश कुमार 19 वर्ष निवासी मुढाली, भूपेन्द्र कश्यप 24 वर्ष निवासी चैतमा, प्यारे सिंह 38 वर्ष निवासी विजय नगर थाना दीपका, प्रदीप भगत 36 वर्ष निवासी झाबर व संतोष कुमार 29 वर्ष निवासी ऊर्जा नगर थाना दीपका को गिरफ्तार किया है।

# संसदीय परंपरा का पूर्ण ज्ञान, छग की संस्कृति को नहीं समझने वाले गलत प्रचार कर रहे

### डॉ. चरणदास महंत ने कहा-विशुद्ध छत्तीसगढिया वाक्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा



**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने बयान को तोड़-मरोडकर प्रचारित-प्रसारित करने वालों को स्पष्ट किया है कि उन्हें छत्तीसगढ़ की रीति-नीति व संस्कृति का शायद ज्ञान नहीं है, इसलिए उनके सहज व विशुद्ध छत्तीसगढिया वाक्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। डॉ. महंत ने कहा कि मैं विशुद्ध रूप से छत्तीसगढियां संस्कृति में रचा-बसा हूं। छत्तीसगढ़ की भाषाशैली का उपयोग करते समय बीच-बीच में निर्धारित प्रयोग लक्षणा-व्यंजना में आने वाले शब्दों के साथ बात करता हूं। छत्तीसगढियों में एक प्रचलित वाक्य जैसे-लउठी धर के दउड़ा न..., मार न टूरा ला... जैसे कई वाक्य सहज रूप से उपयोग में लाए जाते हैं लेकिन जो लोग छत्तीसगढ़ की रीति-नीति, भाषा संस्कृति को नहीं समझते, ऐसे मीडिया प्रतिनिधियों के द्वारा गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। डॉ. महंत ने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री के पद और संसदीय परंपरा और गरिमा का पूरा ज्ञान है। मैं स्वयं 4 बार सांसद, 5 बार विधायक रहा और स्पीकर के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष होने के नाते संवैधानिक गरिमा का भी ख्याल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कईयों बार व्यक्तिगत मुलाकातें हुई है और वे मुझे भी व्यक्तिगत तौर पर जानते हैं। एक पढ़ा-लिखा आदमी गलत बयानबाजी कैसे कर सकता है। डॉ. महंत ने मोदी जी के साथ की एक फोटो साझा करते हुए कहा कि जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे और मैं भारत सरकार में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री था तो उनके ही प्रदेश गुजरात के आणंद में आयोजित कार्यक्रम में काफी आत्मीयता से मुलाकात हुई। ऐसे व्यक्ति जो केवल भाजपा के नहीं बल्कि हर दल के लिए प्रधानमंत्री हैं, उन पर गलत टिप्पणी तो करने का सवाल ही नहीं उठता।

# सड़क की हालत खतरों से भरी पड़ी नगर पालिका का रूख उदासीन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सबसे व्यस्ततम न्यू बस स्टैंड के भीतर की सडकें इस समय जगह जगह बुरी तरह जर्जर हो चुकीं हैं इन सडकों पर बड़े बड़े लोहे की सरिया साफ तौर पर हादसों को निमंत्रण देने का काम कर रहीं है। इसके विपरीत नगर पालिका परिषद अपनी इस अहम जिम्मेदारी को पूरा करने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है। कोरबा जिले के उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा नगर बिलासपुर से अम्बिकापुर नेशनल हाईवे 130 का सबसे सेंटर पॉइंट है। यहाँ का न्यू बस स्टैंड भी सबसे व्यस्ततम होने की वजह से लोगों का आनाजाना दिनभर और देर रात तक लगा रहता है। लेकिन कुछ महीनों में इस बस स्टैंड की सडक जगह जगह से उखड़ जाने से गड्ढों में निर्मित हो गया है और इन गड्ढों से बाहर निकले लोहे की सरिया खुले तौर पर बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित करते रहते हैं। बस स्टैंड के भीतर से पैदल चलने वाले, दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा इस सडक पर निकले सरिया से खतरा बना रहता है। यह बस स्टैंड कटघोरा नगर पालिका के वार्ड क्र. 6 में आता है। पार्षद द्वारा भी इस कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कटघोरा नगर के सबसे व्यस्ततम मार्ग पर स्थित न्यू बस स्टैंड के भीतर की सडकों की हालत इस समय खतरों से भरी पड़ी हैं जगह जगह उखड़े सरिया न जाने कब किसी बड़ी घटना को अंजाम दे बैठे कुछ भी नही कहा जा सकता, इस सबके बावजूद नगर पालिका परिषद का इस ओर ध्यान नही देने से पालिका की कार्यप्रणाली पर नगर के लोग सवाल उठाने लगे हैं।

# कुसमुंडा मार्ग के किनारे पलटा खाली ट्रेलर, बाल-बाल बचा चालक

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कुसमुंडा क्षेत्र में तमाम व्यवस्थाओं के बावजूद भारी वाहन चालकों की मनमानी कम नहीं हो रही, खदान प्रवेश से लेकर कांटा, लोडिंग, और फिर खदान से बाहर निकलने की जल्दबाजी ना सिर्फ आम लोगों बल्कि स्वयं के वाहन के साथ भी दुर्घटनाओं को अंजाम देने से नहीं चूक रहें हैं। घटनाक्रम कुसमुंडा थाना चैक का है जहां बुधवार की सुबह कुसमुंडा खदान प्रवेश करने की जल्दबाजी में एक खाली ट्रेलर थाना चैक पार कर पानी निकासी के लिए बनाए गए नाले में गिर गया, वहीं उसका पिछला हिस्सा चालू बिजली के बड़े से पोल में जा टिका, खंबा नही होता तो थाने परिसर की दीवार को तोड़ते हुए सीधे थाने में चली जाती। घटनाक्रम में अच्छी बात यह रही कि आपाधापी में किसी को चोट नहीं लगी। ना ही बिजली पोल को नुकसान हुआ है, वरन चालू बिजली की पोल गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था। बताना होगा कि थाना चैक में आमजनो की आवाजाही निरंतर बनी रहती है, ऐसे में यहां गेवरा टीपर रोड की ओर से खदान प्रवेश करने एक दिशा में चार से पांच ट्रेलरों की लाइन वहीं रेल्वे फाटक पार कर थाना चैक पर ही तीन से चार ट्रेलरों की लाइन लगी रहती है, ऐसे में दुपहिया अथवा हल्के वाहनों में चलने वाले आम लोगों का यहां से पार होना मुश्किल हो जाता हैं। स्थिति को देखते हुए कुसमुंडा प्रबंधन के रोड सेल विभाग द्वारा थाना चैक में भारी वाहनों को व्यवस्थित करने कंक्रीट के भारी स्लैब लगाने की व्यवस्था की गई है।

# ऑनलाइन सट्टा खेलने के आरोप में दो कथित आरोपियों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले में सभी किस्म के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा पर कार्यवाही के निर्देश प्राप्त हुआ। पुलिस टीम के द्वारा लगातार सट्टा खेलने वाले एवं खिलाने वाले के ऊपर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सायबर सेल कोरबा एवं पुलिस टीम को सूचना मिली कि कोरबा शहर के शराब दुकान में आईपीएल में सट्टा खेला जा रहा है। उनके द्वारा अपने मोबाइल में ऑनलाइन रूपए पैसे का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ सट्टा खेल रहे है कि सूचना पर साइबर सेल कोरबा एवं सिविल लाइन रामपुर पुलिस की एक विशेष टीम बनाकर रामपुर भट्टी एवं मानिकपुर बाईपास रोड के पास शराब दुकान में टीम के द्वारा घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर मुखबीर द्वारा बताए गये देसी शराब दुकान के पास रामपुर में एक कथित आरोपी को पकड़ा, जिसके कब्जे से एक मोबाइल फोन को चेक करने पर ळव्स्क्24च्त् नामक ऑनलाइन सट्टा आईडी बनाकर रूपए पैसे का दांव लगाकर सट्टा खेलते हुए मिला इस संबंध में पूछताछ किया गया उसने सट्टा खेलना स्वीकार किया। इसी क्रम में सूचना पर सायबर सेल कोरबा एवं मानिकपुर पुलिस टीम के द्वारा मानिकपुर स्थित बायपास रोड शराब दुकान के पास एक व्यक्ति के कब्जे से एक मोबाइल फोन को चेक करने परै ।प् व्छस्प्छम् ड।ज्ञ। ।चच नामक ऑनलाइन सट्टा आईडी बनाकर रूपए पैसे का दांव लगाकर सट्टा खेलते हुए मिला, इस संबंध में पूछताछ करने पर उसने खेलना स्वीकार किया। दोनों कथित आरोपियों के कब्जे से 02 नग मोबाइल को जप्त किया जाकर कब्जा पुलिस लिया गया। दोनों आरोपियों के द्वारा कुल रकम 24246 रुपए का ऑनलाइन जुआ सट्टा में लगाया गया। जो आरोपी का कृत्य जुआध्सट्टा एक्ट के अंतर्गत दंडनीय अपराध का होना पाये जाने से विधिवत कार्यवाही की गई।

# एसईसीएल प्रबंधन ने बिना सूचना दिये तुड़वाए ग्रामीणों का मकान, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग



**कोरबा(विश्व परिवार)।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट एसईसीएल की दीपका परियोजना ने बिना सूचना दिए ग्राम सुवाभोड़ी में स्थित आवासों एवं लगाये गये पेड़-पौधे को एसईसीएल दीपका विस्तार परियोजना द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का संरक्षण पाकर बल पूर्वक तोड़ कर समतल किये जाने के विरुद्ध जाँच कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है। इस मामले में आयुक्त (कमिश्नर) बिलासपुर, कोरबा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया है कि एसईसीएल दीपका विस्तार परियोजना के अंतर्गत हमारी भूमि एवं मकान को एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा सन् 2004 में अर्जन किया गया है। उक्त समस्त भूमि और मकान के अर्जन के कारण मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति के तहत रोजगार के पात्र हैं। हमारे द्वारा एसईसीएल दीपका में रोजगार हेतु उच्च न्यायालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में याचिका प्रस्तुत की गई है जो कि वर्तमान में लंबित है। बताया जा रहा हैं की एसईसीएल के द्वारा भूमि व मकान का अधिग्रहण करने के पश्चात गलत मुआवजा की राशि देने का प्रयास किया गया जिसे हमारे द्वारा लेने से इंकार करने पर जबरन गलत मुआवजा राशि को दीपका प्रबंधन द्वारा ट्रिब्यूनल कोर्ट, बिलासपुर में जमा कर दिया गया है जो वर्तमान में लंबित है।

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सड़क हादसे में एक स्कूटी सवार महिला की मौत मौके पर हो गई। तेज रफ्तार के ट्रेलर की टक्कर से हादसा हुआ। स्कुटी में पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचारार्थ चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैं। ट्रेलर का चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक कोरबा चांपा मुख्य मार्ग बरपाली के पास हादसा हुआ है। एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार 2 महिलाएं चांपा से कोरबा की तरफआ रही थीं। वहीं तेज रफ्तार ट्रेलर कोरबा से चांपा की तरफजा रहा था। इस दौरान हादसा हुआ। हादसे के बाद ट्रेलर चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उरगा पुलिस ने बताया कि बरपाली सिद्धि राइस मिल के पास हादसा हुआ है। स्कूटी चला रही साहिदान्त बेगम निवासी कोरबा की मौके पर मौत हुई है। वहीं कोरबा के रामपुर निवासी सुनीता उरांव निवासी को गंभीर चोटें आई है। वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेलर ने छतिग्रस्त किया विद्युत पोल को, क्षेत्र में ब्लैक आउट

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले के विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत आने वाले कोरबी (पोड़ी खुर्द) सबस्टेशन से चोटिया की ओर की गई सी एस ई बी की विद्युतीकरण 11 हजार के व्ही का चालु बिजली लाइन को 2 अप्रैल के बीते रात्रि साढ़े ग्यारह बजे के लगभग एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 6242 के चालक की घोर लापरवाही के कारण चालु हालत लाईन के खम्भे को जोरदार ठोकर मारने से 9 बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे चोटिया क्षेत्र के 1 दर्जन गांवों में बिजली आपूर्ति ठप्प हो गया। जब बिजली पोल को ठोकर लगी तो ट्रेलर चालक अपने वाहन की ढाला को उठा कर चल रहा था, जिसे लाल पुर,बनखेता, के ग्रामीणों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा और तत्काल सब स्टेशन के आपरेटर को सुचना दी। जानकारी पर मौके का मुआयना करने पहुंचे जे ई योगेश श्रीवास ने बताया कि एक बड़ी घटना टल गई।क्षतिग्रस्त पोल एवं बंद बिजली लाइन को संभवतरू 3 अप्रैल की रात्रि तक चालू कर दी जाएगी और विभाग के द्वारा वाहन चालक व मालिक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही हेतु पुलिस को सुचना दर्ज कराई गई है। शासकीय सम्पत्ती की नुकसानी के भरपाई के लिए लगभग ढ़ाई लाख रुपए तक की पेनाल्टी ठोंकी गई है।

### चार सटोरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर-नवागढ़,(विश्व परिवार)।** जिले में जुआ/सट्टा खिलाने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में चांपा पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5200 रूपया और 04 मोबाईल बरामद किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना चाम्पा/सायबर टीम जांजगीर पुलिस को मुखबीर सूचना मिली कि थाना चाम्पा क्षेत्र में कुछ लोग आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा नामक जुआ खेलाते है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया, थाना चांपा क्षेत्र के अलग-अलग जगहो से सट्टा खिलाने वाले आरोपी (01) चुड़ामणि देवांगन उम्र 19 साल निवासी देवांगन मोहल्ला चाम्पा (02) विपिन कुमार देवांगन उम्र 31 साल निवासी संतोषी मोहल्ला देवांगन पारा चाम्पा (03) युवराज देवांगन उम्र 31 साल निवासी देवागन पारा चाम्पा (04) आकाश गुप्ता उम्र 36 साल निवासी सम्लाई मंदिर के पास चाम्पा सट्टा खिलाते मिला। आरोपियों के कब्जे से जुमला 5200 / रूपया एवं 04 नग मोबाईल बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध थाना चाम्पा में अपराध क्रमांक 165/2024 धारा 7 छ.ग. जुआ अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया। चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### मां की डांट से नाराज किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जिले के पतराटोली में एक 16 वर्षीय किशोरी ने अधिक मोबाइल चलाने की बात पर मां की डांट से नाराज होकर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जिले में मोबाइल फोन को लेकर अब तक दर्जनों घटनाएं सामने आ चुकी है. ज्यादातर इसमें नाबालिग बच्चों को उनके कर्तव्यों का बोध कराना उनके माता-पिता के लिए चुनोती हो रही है. इन्ही बातों से नाराज होकर नाबालिग बच्चे गुस्से में आकर मौत को गले लगा लेते हैं. आज फिर जिले के कोतबा चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतराटोली में एक 16 वर्षीय बालिका ने महज इतनी सी बात पढ़ाई करो मोबाइल फोन बाद में खेल लेना से नाराज होकर मौत को गले लगाना उचित समझा और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका बालिका कोतबा हाईस्कूल में अध्ययनरत थी. पत्थलगांव स्ष्ठह्रक्क धुर्वेश जायसवाल ने कहा कि कोतबा पुलिस थाना क्षेत्र में पतराटोली गांव में घटित इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और जांच में जुट गई है. शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कलेक्टर ने लिपिक को किया निलंबित

**जशपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर द्वारा आम नागरिकों को दी जाने वाली राहत राशि दिलाने के नाम पर पीड़ितों से अवैध रूप से पैसों की वसूली करने वाले तहसील कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 मोहन राम भगत को केक्टर ने निलंबित कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय फरसाबहार एवं कलेक्टर के आदेश से श्री भगत के निलंबित करते हुए उन्हें मुख्यालय में अटैच कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री भगत ने आरबीसी-6-4 के तहत प्रदान किए जाने वाली राहत राशि से पीड़ित पक्षकारों भीमराम मानिक, कमल साय, अजित खलको, नेहरु राम लक्ष्मण आदि से पैसों की उगाही की थी।

# संपादकीय

## आरबीआई की एमपीसी बैठक और यथास्थिति से परे

भारतीय रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 2024-25 की पहली बैठक अनुकूल आर्थिक माहौल में होने जा रही है। सोमवार को जारी किए गए आंकड़े दर्शाते हैं कि मार्च में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह, रिफंड के बिना सालाना आधार पर 18.4 फीसदी बढ़ा। वर्ष का अंत जीएसटी संग्रह में 13.4 फीसदी इजाफे के साथ हुआ। समग्र कर संग्रह के ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देखें तो सरकार राजकोषीय घाटे को 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद के 5.8 फीसदी तक रखने के संशोधित आंकड़े को हासिल कर लेगी। सरकार ने मध्यम अवधि में राजकोषीय मार्ग पर टिके रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है जिससे रिजर्व बैंक को आश्वस्ति मिलनी चाहिए। अधिक व्यापक तौर पर देखें तो अब सरकार को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में वृद्धि दर 8 फीसदी रहेगी जो 2023-24 की पूरे वर्ष की 8 फीसदी की वृद्धि को बल देगी। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भी हालात में सुधार हो रहा है। हेडलाइन खुदरा मुद्रास्फीति अभी भी 5 फीसदी के स्तर से कुछ ऊपर है, कोर मुद्रास्फीति 4 फीसदी के लक्ष्य से कम है जिससे केंद्रीय बैंक को राहत मिलनी चाहिए। मौद्रिक नीति समिति के ताजा अनुमानों के मुताबिक हेडलाइन मुद्रास्फीति की दर चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.5 फीसदी रह सकती है। कोर मुद्रास्फीति जहां चार फीसदी से नीचे हैं, वहीं हेडलाइन दर को लक्ष्य से ऊपर रखने में खाद्य मुद्रास्फीति का बहुत अधिक योगदान है। फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति 8.66 फीसदी थी। ध्यान देने की बात है कि खाद्य मुद्रास्फीति ऊपरी स्तर पर है और ऐसा सरकार के सक्रिय हस्तक्षेप के बावजूद है। केंद्र सरकार ने कई खाद्य वस्तुओं के निर्यात और भंडारण सीमा पर अंकुश लगाया है। उदाहरण के लिए गत सप्ताह सरकार ने कारोबारियों, खाद्य प्रसंस्करण करने वालों तथा प्रमुख खुदरा कारोबारियों से कहा कि वे हर शुक्रवार को गेहूं के अपने भंडार की जानकारी दें क्योंकि 31 मार्च को स्टॉक होल्डिंग सीमा समाप्त हो गई। व्यापार और स्टॉक होल्डिंग पर प्रतिबंध अल्पावधि में मुद्रास्फीति को सीमित रखने में मदद कर सकते हैं लेकिन यह रुख उत्पादन तथा दीर्घावधि में अनाज की उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है।

# पारदर्शिता की व्यापक पहचान पर ध्यान दें

**भारत डोगरा**



मई 2005 में जब भारतीय संसद ने सूचना के जन-अधिकार का राष्ट्रीय स्तर का कानून पास किया तो लोकतंत्र को सशक्त करने वाले एक महत्त्वपूर्ण कानून के रूप में इसकी सराहना की गई। कई तरह के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में भारत में जो राष्ट्रीय स्तर का कानून पास हुआ वह थोड़ी-बहुत कमियों के बावजूद कुल मिलाकर एक अच्छा और मजबूत कानून माना गया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की दुनिया में लोकतंत्र को विश्व स्तर पर बहुत व्यापक मान्यता प्राप्त हुई। जो देश लोकतांत्रिक नहीं थे उन्होंने भी इसे अपनी कमी के रूप में स्वीकार किया और सीमित लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं अपनाने की चेष्टा की। पिछले लगभग दो दशकों में कई देशों में तानाशाहियों को समाप्त कर लोकतांत्रिक सरकारों की स्थापना हुई। पर लोकतंत्र की इस ऊपरी प्रगति के बावजूद बढ़ती संख्या में विचारवान लोगों ने महसूस किया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था भीतर ही भीतर खोखली होती जा रही है। इसे सही अथरे में लोगों की भलाई और भागेदारी की व्यवस्था बनाने के लिए इसमें कई महत्त्वपूर्ण सुधारों की जरूरत है। सूचना के जन-अधिकार को भी ऐसे ही एक महत्त्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। पर क्या सूचना के अधिकार का कानून बन जाना ही पर्याप्त है? क्या मात्र इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि सरकार और प्रशासन सही मायने में पारदर्शी हैं और वे लोगों से कुछ छुपाना नहीं चाहते? अमेरिका में बहुत समय से सूचना के अधिकार/स्वतंत्रता का कानून मौजूद है, पर इसके बावजूद सरकार ने अपने सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णयों के संदर्भ में (विशेष तौर पर इराक पर हमले और तथाकथित आतंकवाद विरोधी युद्ध के संदर्भ में, सैन्य खर्च तेजी से बढ़ाने के संदर्भ में) पारदर्शिता नहीं अपनाई है। सच बात तो यह है कि पूरी विश्व राजनीति को बेहद प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले इराक पर हमले संबंधी निर्णय बहुत थोड़े से सलाहकारों के एक गुट द्वारा लिए गए और आम लोगों को इनके बारे में बड़े योजनाबद्ध ढंग से गुमराह किया गया। रिंचड क्लार्क, जो दस वर्ष तक अमेरिका के आतंकवाद विरोधी अभियान के मुखिया रहे हैं, ने अपनी पुस्तक 'अगेंस्ट ऑल इनमीज' में लिखा है : 'मुझे संदेह है कि शायद ही किसी को बुश को यह समझाने का अवसर मिला हो कि इराक पर हमला करने से अमेरिका पहले से कम सुरक्षित हो जाएगा और उग्रवादी इस्लामी आंदोलन की ताकत बढ़ जाएगी।' क्लार्क के अनुसार आतंकवाद पर जॉर्ज बुश की प्रतिक्रिया की खास बात यह थी कि जब उन्हें आतंकवाद को पनाह देने वाले देश को सबक सिखाना था तो उन्होंने ऐसे देश को नहीं चुना जो अमेरिका विरोधी आतंकवाद पनपा रहा था, अपितु इराक को चुना जो अमेरिका विरोधी आतंकवाद फैलाने में नहीं लगा था। जब इतने शीर्ष पद पर रहा व्यक्ति पूरी जिम्मेदारी से यह लिखता है तो स्पष्ट है कि उसमें कोई गहरा दर्द है। वैसे अमेरिकी समाज में सूचना की बाढ़ आई हुई है-किसी भी समाचार को निरंतर देने के लिए सैकड़ों प्रसार माध्यम समाचार पत्र, पत्रिकाएं, टीवी चैनल आदि मौजूद हैं। बाहरी तौर पर प्रेस की अभिव्यक्ति को गजब की स्वतंत्रता है। इसके बावजूद राष्ट्रपति बुश के दूसरे चुनाव के समय अमेरिकी जनता को एक सबसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे के बारे में सही सूचना उपलब्ध नहीं थी। विश्व स्तर पर आम तौर पर यह जानकारी पहुंच चुकी थी कि सद्दाम हुसैन सरकार के पास न तो महाविनाशक हथियार थे और न ही उसका अल कायदा से या 9/11 के हमले से कोई संबंध था। पर इतने व्यापक और तथाकथित बेहद 'स्वतंत्र' सूचना तंत्र वाले अमेरिका में अधिकांश मतदाता मानते रहे कि सद्दाम हुसैन की सरकार के पास महाविनाशक हथियार थे और उसका 9/11 के हमले से संबंध था। अमेरिकी नागरिकों की यह गलतफहमी कई सव्रेक्षणों में सामने आई। सवाल वाजिब है कि ऐसा तंत्र, जहां सूचना का अधिकार भी है, सब तरह का सूचनाओं के प्रसार की स्वतंत्रता है, बहुत से माध्यम सक्रिय हैं और अरबों डॉलरों का सूचना उद्योग है, वहां सबसे चर्चित मुद्दे पर सही जानकारी लोगों तक क्यों नहीं पंहुचती है? स्पष्ट है कि सूचना के अधिकार का कानून बनाने के लिए तैयार हो जाने का अर्थ यह नहीं है कि किसी सरकार का चरित्र मूल रूप से पारदर्शी और ईमानदार हो गया है। हां, इतना जरूर है कि सूचना के अधिकार का उपयोग सजगता और समझदारी से किया जाए तो इससे सरकार और प्रशासन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के अवसर अवश्य उपलब्ध होते हैं। हमें कानून की संभावनाओं और सीमाओं, दोनों के प्रति सचेत रहते हुए मात्र कानून बनने से लक्ष्य प्राप्त हुआ नहीं मान लेना चाहिए। इस कानून से जो अवसर प्राप्त हुए हैं, उनका उपयोग करते हुए पारदर्शिता और लोकतंत्र को सशक्त करने के प्रयास निरंतर जारी रहने चाहिए। यदि नागरिकों ने ऐसी सजगता और सक्रियता नहीं दिखाई तो सरकारें पारदर्शिता का प्रदर्शन अधिक करेंगी पर पारदर्शिता को आत्मसात कम करेंगी। पारदर्शिता केवल किसी सरकार या सरकारी संस्थान के लिए नहीं अपितु सभी सामाजिक संस्थानों-संगठनों और सार्वजनिक जीवन जीने वाले सभी व्यक्तियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन सब के लिए पारदर्शिता का अर्थ किसी वैधानिक मजबूरी से कहीं अधिक व्यापक होना चाहिए। पारदर्शिता का अर्थ केवल यह नहीं है कि यदि कानून ने हमें कोई सूचना सार्वजनिक करने के लिए कहा है तो हम ऐसा करेंगे। सही अथरे में पारदर्शिता कहीं अधिक व्यापक है। हो सकता है कि कुछ समय के लिए कोई जानकारी किसी बहुत विशेष कारण से गुप्त रखना जरूरी हो जाए, पर सामान्यत: एक पारदर्शी व्यक्ति की सोच यह है कि जब मुझे हर कार्य पूरी ईमानदारी से ही करना है तो फिर उसे कुछ छिपाने की जरूरत ही क्या है। एक सार्वजनिक व्यक्ति के रूप में मेरी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, जो वादे करता हूं उन्हें निभाने का पूरा प्रयास करता हूं, जो कहता हूं वही करता हूं, तो फिर मैं कुछ छिपाने का प्रयास क्यों करूं। सामान्यत: अपने निर्णय और निर्णय प्रक्रिया के बारे में पूर्ण पारदर्शिता अपनाना किसी भी ईमानदार और सच्चे व्यक्ति के अपने ही हित में है। यही कारण है कि सबसे ईमानदार व्यक्ति, चाहे वे सरकारी अधिकारी हो या किसी सामाजिक संस्था से जुड़े हो या किसी अन्य सार्वजनिक जिम्मेदारी को निभा रहे हैं, प्राय: कुछ कार्यभार बढ़ने की संभावना के बावजूद पारदर्शिता लाने वाले कानून या सूचना के अधिकार के कानून का स्वागत ही करते हैं। बेईमान व्यक्ति के पास छिपाने के लिए बहुत कुछ है अत: वह दिल से पारदर्शिता कभी नहीं चाहता।

## विचार

### दिल्ली सरकार की आंखों में धूल झोंक कर धोखेबाजी करवा रही 'एप्प' आधारित बाइक टैक्सी कम्पनी

**श्याम सिंह पंवार**

दिल्ली में बाइक-टैक्सी की बुकिंग पर रोक जारी है। फिर भी बाइक टैक्सी की बुकिंग धड़ल्ले से जारी है। दिल्ली पुलिस की कार्यवाही से बचने के लिये बुकिंग नम्बर के स्थान पर दूसरे नम्बर की बाइक टैक्सियों का इस्तेमाल किया जा रही है और कमीशन के चक्कर में एक तरफ जहां दिल्ली सरकार की आंखों में धूल झोंकी जा रही है तो दूसरी तरफ लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करवाया जा रहा है । जानकारी के मुताबिक, दिल्ली सरकार ने 19 फरवरी 2023 को एक पब्लिक नोटिस जारी किया था। इसके जरिए दिल्ली में बाइक टैक्सी पर रोक लगा दी गई थी। ऑन लाइन बुकिंग करने वाली रैपिडो और उबेर ने इसके खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका डाली। हाई कोर्ट ने 21 फरवरी 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किया । इस बारे में दिल्ली सरकार की मुख्य दलील थी कि एग्रीगेटर्स की तरफ से दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल बिना प्रॉपर लाइसेंस और परमिट के हो रहा है। एग्रीगेटर के लिए लाइसेंस की जरूरत का प्रावधान मोटर व्हीकल एक्ट की धारा-93 में है। दिल्ली सरकार की दलील थी कि ये गाइडलाइंस चार पहिया और दो पहिया, दोनों तरह के वाहनों के लिए है। ऐसे में बिना पॉलिसी लाए नॉन ट्रांसपोर्ट टू-व्हीलर्स का यूज एग्रीगेटर्स नहीं कर सकते। वहीं दिल्ली सरकार एक पॉलिसी बना रही है। जब तक यह लागू नहीं होती, टू वीलर वाहन का बाइक टैक्सी के रूप में इस्तेमाल पर रोक जारी रहेगी । यह रोक होने के बावजूद दिल्ली में 'उबेर' एप्प के माध्यम से बाइक टैक्सी की बुकिंग धड़ल्ले से की जा रही है और खास बात यह है कि बुकिंग के बाद जिस नम्बर की बाइक बुकिंग में दिखाई जा रही है, उसके स्थान पर दूसरे नम्बर की बाइक के द्वारा ग्राहकों को सुविधा दी जा रही है । इस बारे में पड़ताल करने पर बाइक टैक्सी के मालिकों ने बताया कि वो ग्राहकों को बरगला देते हैं कि उनकी बाइक खराब हो गई है, इस लिये अपनी ही दूसरी बाइक लेकर आया हूं । लेकिन जब उसे विश्वास में लेकर सच्चाई की तह तके गये तो उसने सच उगल दिया कि दिल्ली सरकार बाइक टैक्सियों को जब्त करवा लेती है, इस लिये यह धोखेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया अपनी रिस्क पर यह सब कर रहे हैं और कम्पनी को सिर्फ कमीशन से मतलब है। इस बारे पुष्टि करने के लिये ऑन लाइन बुकिंग कर जब पड़ताल की तो यह साफ हो गया कि रोक के बावजूद दिल्ली में टैक्सी बाइक की बुकिंग एप्प के माध्यम से धड़ल्ले से जारी है और बाइक टैक्सी मालिक ऑन लाइन बाइक टैक्सी की सुविधा का माध्यम बनने वाली कम्पनियों का खजाना भरने में जुटे हैं और दिल्ली सरकार की आंखों में धूल झोंक रहे हैं । इसके साथ ही एप्प कम्पनी द्वारा लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करवाया जा रहा है ।

# प्रदूषण नियंत्रण-संसाधनों की कमी बड़ी बाधा

**अनिरुद्ध गौड़**


एनजीटी ने पिछले साल अक्टूबर, 2023 में राज्यों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) और केंद्रशासित प्रदेशों की प्रदूषण नियंत्रण समितियां (पीसीसी) में पदों पर कर्मियों और संसाधनों की कमी से जुड़ी 24 अक्टूबर, 2023 की एक मीडिया खबर पर स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की तो ट्रिब्यूनल ने पाया कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ने वाली संस्थाएं सीपीसीबी और पीएससी भी कर्मियों के पदों की रिक्तियों और संसाधनों से जूझ रही हैं। क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क साउथ एशिया के सीनियर एडवाइजर शैलेंद्र यशवंत ने पिछले साल अपनी इस रिपोर्ट में दिल्ली स्थित थिंकटैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का हवाला देते हुए दावा किया था कि देश में प्रदूषण नियंत्रण करने वाली संस्थाएं मसलन, राज्यों में एसपीसीबी और केंद्रशासित प्रदेशों में पीसीसी के पास कर्मियों की अपर्याप्त स्वीकृत शक्ति, विशेष रूप से तकनीकी पदों की संख्या, उचित प्रशिक्षण का अभाव, प्रदूषण निगरानी और निवारण उपकरणों की कमी, तकनीकी रूप से सक्षम नेतृत्व की अनुपस्थिति, लंबे समय तक प्रवर्तन तंत्र का अभाव, अपर्याप्त धन और प्रभावी खर्च जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। कहा कि भारत में वायु प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में प्रदूषण नियंत्रण बोर्डस और समितियां केंद्र में हैं। दावा किया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डस खस्ताहाल हैं। इन सबके मद्देनजर मुद्दा यह है कि देश में प्रदूषण से कैसे निजात पाई जा सकती है। दरअसल, एनजीटी पिछले साल प्रदूषण के एक मामले की सुनवाई कर रहा था। इसी बीच 24 अक्टूबर, 2023 को जब यह मीडिया रिपोर्ट आई तो एनजीटी ने इस पर स्वत: संज्ञान लेकर मूल आवेदन संख्या 693/2023 में इसे शामिल करके कार्रवाई करते हुए सीपीसीबी और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को नोटिस देकर 23 नवम्बर, 2023 को मीडिया खबर पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे। एनजीटी के आदेशों के अनुपालन में सीपीसीबी की 23 नवम्बर, 2023 को रिपोर्ट मिली तो एनजीटी ने पाया कि मीडिया रिपोर्ट में सीपीसीबी और पीसीसी में अपर्याप्त कर्मियों और संसाधनों संबंधी दावे सही हैं। रिपोर्ट में देखा गया कि कुल 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों में एसपीसीबी और पीसीसी के कर्मियों की स्थिति के ब्यौरे में 11,969 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 5,877 पद ही भरे हुए हैं जबकि 6,092 पद खाली पड़े हैं। हर साल सर्दियों में वायु प्रदूषण की दिक्कतों का सामना करने वाली दिल्ली पीसीसी में 344 पद स्वीकृत हैं, लेकिन 191 पद ही भरे हैं। उत्तर प्रदेश की एसपीसीसी में 732 स्वीकृत पद हैं, लेकिन 407 पद ही भरे हुए हैं। उत्तराखंड राज्य में 130 पदों की स्वीकृति के सापेक्ष सिर्फ 51 पद ही भरे हुए हैं। आंध्र प्रदेश में हालत बहुत गंभीर है, 289 स्वीकृत पदों के सापेक्ष सिर्फ 87 पद भरे हैं। बिहार में 249 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 202 पद खाली हैं। मध्य प्रदेश में 1228 पदों में 459 पद ही भरे हुए हैं। गुजरात में 831 के सापेक्ष 894 भरे हुए हैं, और 334 खाली हैं। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, केरल, कर्नाटक, झारखंड, ओडिशा में तो स्वीकृत स्ट्रेंथ से 50 प्रतिशत से भी अधिक पद खाली हैं। अन्य संसाधनों की बात करें तो देश में दो तरह की सेंट्रल और रिजनल एनवायरनमेंटल लैबोरेट्रीज की व्यवस्था हैं। रिपोर्ट्स में पाया गया कि देश की कुल 194 लैबोरेट्रीज में 31 सेंट्रल और 163 रिजनल लैबोरेट्रीज हैं। इन 194 लैबोरेट्रीज में से 41 लैबोरेट्रीज राष्ट्रीय परीक्षण और अंश शोध प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड के तहत एक्रेडेटिड और 12 लैबोरेट्रीज एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन एक्ट द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। यदि इनकी संख्या और बढ़ जाए तो प्रदूषण नियंत्रण को संबल मिलेगा। इन सब को देखते हुए एनजीटी ने अपने 23 नवम्बर, 2023 को जारी आदेशों में सीपीसीबी की केंद्रीय और रिजनल लैबोरेट्रीज के साथ सभी 28 राज्य और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के पर्यावरण एवं वन विभागों को पक्षकार बनाया। इन्हें नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। पूछा कि कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या और पदों पर वर्तमान में नियुक्ति, प्रशासनिक, मंत्रालयी और तकनीकी कर्मचारियों का अनुपात, मौजूदा रेग्युलेटिंग और मॉनिटिरंग सुविधा, लैब स्ट्रैंथ इंफ्रास्ट्रक्चर, उपकरणों और हॉटस्पॉट की निगरानी से जुड़ी सुविधाएं क्या हैं। पिछले दो वित्त वर्षो 2020-21 और 2021-22 के बजट, आय के स्रोत और खर्च का ब्यौरा भी मांगा गया।क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क साउथ एशिया के सीनियर एडवाइजर शैलेंद्र यशवंत ने पिछले साल अपनी इस रिपोर्ट में दिल्ली स्थित थिंकटैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का हवाला देते हुए दावा किया था कि देश में प्रदूषण नियंत्रण करने वाली संस्थाएं मसलन, राज्यों में एसपीसीबी और केंद्रशासित प्रदेशों में पीसीसी के पास कर्मियों की अपर्याप्त स्वीकृत शक्ति, विशेष रूप से तकनीकी पदों की संख्या, उचित प्रशिक्षण का अभाव, प्रदूषण निगरानी और निवारण उपकरणों की कमी, तकनीकी रूप से सक्षम नेतृत्व की अनुपस्थिति, लंबे समय तक प्रवर्तन तंत्र का अभाव, अपर्याप्त धन और प्रभावी खर्च जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। कहा कि भारत में वायु प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में प्रदूषण नियंत्रण बोर्डस और समितियां केंद्र में हैं। दावा किया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डस खस्ताहाल हैं। सीपीसीबी के अलावा करीब 20 एससीपीसी और पीसीसी ने एनजीटी के आदेशों के अनुपालन में रिपोर्ट्स प्रस्तुत की और एनजीटी ने 2 फरवरी, 2024 को सुनवाई की। एनजीटी ने 12 अप्रैल, 2024 में अगली सुनवाई नियत की है। प्रदूषण नियंत्रण के दायित्व के लिए जिम्मेदार संस्थाएं मजबूत होंगी तो निश्चय ही देश में किसी भी तरह के प्रदूषण की समस्या पर नियंत्रण करना आसान होगा।

## राज्यपालों की ओर से विधेयकों को रोके जाने की आलोचना......

राज्यपालों की ओर से विधेयकों को रोके जाने की आलोचना करते हुए सर्वोच्च अदालत की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा उनका काम उन पर फैसला लेना है। यह शर्म की बात है कि अदालत को राज्यपालों को उनकी ड्यूटी याद दिलानी पड़े। हैदराबाद में हुए कार्यक्रम में उन्होंने महाराष्ट्र व पंजाब के फैसलो का भी जिक्र किया। कहा कि सवाल यह था कि क्या राज्यपाल के पास फ्लोर टेस्ट कराने का कोई ठोस सबूत थे कि मौजूदा सरकार विधायकों का विास खो चुकी है। राज्यपालों को अदालतों में खींचने को भी उन्होंने संविधान के तहत स्वस्थ प्रवृत्ति नहीं कहा। नोटबंदी के फैसले का भी उन्होंने विरोध किया और काला धन जमा करने वालों को हुए फायदे व आम लोगों को हुई परेशानी पर भी बोलीं। हालांकि जस्टिस उन पांच जजों वाली पीठ के हिस्सा थीं, जिसने सरकार के इस फैसले में असहमति जताई थी कि यह जल्दबाजी में लागू किया गया। उनका यह कहना कि इससे सिर्फ कानून तोड़ने वालों को ही फायदा हुआ, जिन्होंने अपना काला धन सफेद बना लिया। सरकार पर इस तरह के आरोप विपक्ष द्वारा भी लगाए जाते रहे हैं। यह सच है कि नोटबंदी के दौर को याद कर आम लोगों के अभी भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। राज्यपाल संवैधानिक पद है, जिसकी गरिमा का ख्याल रखा जाना चाहिए। लंबे समय से देखने में आ रहा है कि राज्य सरकारों और राज्यपाल के दरम्यान सामंजस्य नहीं बन पाता। खासकर जहां-जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहां राज्यपाल केंद्र की शह पर अड़चनें खड़ी करते हैं, जिससे सरकारों को अदालत का रुख करने को मजबूर होना पड़ता है। इस विवाद का निपटारा सत्ताधारी दल को संवैधानिक तौर पर करने की पहल करनी चाहिए।

# शहबाज शरीफ पर मेहरबान बाइडन....

**डॉ. दिलीप चौबे**



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल की समाप्ति के पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक पत्र लिखा है जिसके बहुत दूरगामी परिणाम होंगे। आमतौर पर यह होता है कि दो देशों के नेताओं के बीच टेलीफोन पर बात होती है। बाइडन ने यह पत्र लिखकर भारत सहित अन्य क्षेत्रीय देशों को यह संदेश दिया है कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच नजदीकी रिश्तों का नया दौर शुरू हो रहा है। यह भी गौर करने वाली बात है कि इस पत्र को इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने सार्वजनिक किया है। पत्र में सबसे महत्त्वपूर्ण बातंयह है कि बकौल बाइडन अमेरिका और पाकिस्तान क्षेत्रीय और विश्व मामलों पर 'राजनीतिक सहयोग' जारी रखेंगे। यह शब्दावली भारत के लिए चिंता का विषय बन सकती है। यह सब उस समय हो रहा है जब आम चुनाव के पहले अमेरिका भारत को लोकतंत्र का उपदेश दे रहा है। अमेरिका के रणनीतिक लक्ष्य साफ हैं। वह पाकिस्तान में चीन को बेदखल करना चाहता है तथा ईरान के खिलाफ उसे खड़ा करना चाहता है। यह भी स्पष्ट है कि इमरान खान को सत्ता से हटाने में अमेरिका ने बड़ी भूमिका निभाई है। इमरान की पार्टी के नेताओं के अनुसार अमेरिका शहबाज शरीफ की सरकार को कठपुतली की तरह इस्तेमाल करना चाहता है। अपनी सारी राजनीतिक नादानियों के बावजूद इमरान खान ने पाकिस्तान में स्वतंत्र विदेश नीति पर अमल करने की कोशिश की थी। इसी सिलसिले में वह रूस की यात्रा पर भी गए थे। यही उनकी राजनीतिक पतन का एक कारण बनी। राजनीतिक उथल-पुथल के दौर में पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर और खुफिया एजेंसी आईएसआई प्रमुख ने वाशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत की थी। सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि इसी दौरान पाकिस्तान के भावी राजनीतिक परिदृश्य का लेखा-जोखा लिया होगा। पिछले कुछ दिनों के दौरान पाकिस्तान में चीन के आर्थिक हितों पर हमले हुए हैं जिनमें इसके प्रशिक्षितकर्मी मारे गए हैं। इसके साथ ही अमेरिका की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि वह ईरान-पाकिस्तान-तेल गैस पाइपलाइन के पक्ष में नहीं है। अपनी खस्ता आर्थिक हालात से उबरने के लिए पाकिस्तान को आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक से कर्ज की दरकार है। अमेरिका के प्रभाव वाली ये वित्तीय संस्थाएं पाकिस्तान को तभी कर्ज देंगी जब वह अमेरिका के रणनीतिक हितों को पूरा करे। फिलहाल, अमेरिका इस बात की सावधानी बरत रहा है कि वह भारत के साथ अपने व्यापक रणनीतिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव न पड़ने दे। यही कारण है कि पाकिस्तान में भारत के साथ व्यापारिक संबंध बहाल करने पर चर्चा शुरू हो गई है। भारत में इस समय चुनाव का मौसम है, इसलिए उपमहाद्वीप में बदलते हुए शक्ति समीकरण पर खास तवज्जो नहीं दी जाएगी। चुनाव के बाद नई सरकार अपना रवैया और प्राथमिकता तय करेगी। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा की भारत यात्रा को बहुत चतुराई के साथ हैंडल किया। पहले यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि रूस को कुलेबा की भारत यात्रा नागवार गुजरेगी। इस यात्रा के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने जो विज्ञप्ति जारी की उसमें रूस का उल्लेख तक नहीं है। अगले कुछ महीनों के दौरान पश्चिमी एशिया के संकट का केंद्रबिंदु ईरान बनेगा। गाजा की तबाही के दौर में ईरान अमेरिका के राडार में धुंधला पड़ गया था। अब अमेरिका और इस्राइल को फिर से यह चिंता सता रही है कि ईरान को परमाणु संस्थाएं खुलासा कर रहीं हैं कि ईरान के पास करीब एक दर्जन परमाणु बम बनाने का परिष्कृत यूरेनियम उपलब्ध है। पिछले कुछ दिनों के दौरान पाकिस्तान में चीन के आर्थिक हितों पर हमले हुए हैं जिनमें इसके प्रशिक्षितकर्मी मारे गए हैं। इसके साथ ही अमेरिका की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि वह ईरान-पाकिस्तान-तेल गैस पाइपलाइन के पक्ष में नहीं है। अपनी खस्ता आर्थिक हालात से उबरने के लिए पाकिस्तान को आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक से कर्ज की दरकार है। अमेरिका के प्रभाव वाली ये वित्तीय संस्थाएं पाकिस्तान को तभी कर्ज देंगी जब वह अमेरिका के रणनीतिक हितों को पूरा करे। फिलहाल, अमेरिका इस बात की सावधानी बरत रहा है कि वह भारत के साथ अपने व्यापक रणनीतिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव न पड़ने दे। यही कारण है कि पाकिस्तान में भारत के साथ व्यापारिक संबंध बहाल करने पर चर्चा शुरू हो गई है। भारत में इस समय चुनाव का मौसम है, इसलिए उपमहाद्वीप में बदलते हुए शक्ति समीकरण पर खास तवज्जो नहीं दी जाएगी। चुनाव के बाद नई सरकार अपना रवैया और प्राथमिकता तय करेगी।इसमें हर हफ्ते इजाफा भी हो रहा है। यह वह रेडलाइन है जिसे पार करने की अमेरिका इजाजत नहीं देगा। इस रणनीतिक लक्ष्य को पूरा करने में पाकिस्तान की निर्णायक भूमिका होगी। शिया-सुन्नी मजहबी विभाजन को तूल देकर अमेरिका, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन जैसे देशों के साथ ईरान विरोधी मोर्चा कायम कर सकता है। हालांकि हाल में ईरान ने रूस और चीन के साथ मिलकर इस क्षेत्र में बड़े पैमाने का नौ-सैनिक अभ्यास किया है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि आने वाले दिनों में समुद्र में आग लग जाए।

## श्री दिगंबर जैन मंदिर फाफाडीह रायपुर में प्रमाणिक पाठशाला का हुआ शुभारंभ





**रायपुर (विश्व परिवार)।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के अज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से सन्मति विद्या ज्ञानपीठ द्वारा श्री दिगंबर जैन मंदिर फाफाडीह रायपुर में प्रमाणिक पाठशाला का शुभारंभ दिनांक 31.03.2024 को किया गया जिसमें विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुई। सर्वप्रथम पाठशाला की शिक्षिकाओं द्वारा मंगल भावना एवं महिला मंडल के पदाधिकारियों द्वारा देव-शास्त्र- गुरुओ का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन किया गया तथा पाठशाला के बच्चों द्वारा नृत्य व मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई।

समाज के पदाधिकारियों द्वारा फीता खोल कर विधिवत पाठशाला का उद्घाटन किया गया व पाठशाला के बच्चों को तिलक लगाकर धर्म संस्कार के लिए आमंत्रित किया गया, इस दौरान समाज के युवा सदस्यों द्वारा शिशुशाला एवं कुमारशाला की किताबों का विमोचन भी किया गया एवं प्रोजेक्टर में प्रमाणिक गीत दिखाया गया व सभी उपस्थित जनसमूह को धार्मिक पाठशाला का महत्व भी समझाया गया । धर्म प्रभावना के रूप में बच्चों को कॉपी और पैन का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों एवं सामाज जनों ने मुँह मीठा करवाकर इस नवीन पाठशाला के शुभारंभ की खुशियां आपस में बांटी। -**वर्षा जैन**

# परिवार को छोड़कर कुटुम्ब में पहुंच रहा हूं इसलिए यही आशीर्वाद लें लो : मुनिश्री सुधासागर जी महाराज

## कानपुर से विहार कर कुंडलपुर पहुंचे मुनि पुंगव, आज कुंडलपुर की धारा पर सब ओर भक्तों का सैलाब दिख रहा हैं : विजय धुर्रा



**कुंडलपुर (विश्व परिवार)।** आचार्यपद पदारोहण समरोह में समलित होने के लिए पहुंचे कानपुर से डेढ़ महीने में पद विहार कर सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर पहुंचने पर देशभर के भक्तों के साथ ही दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी अशोक नगर जिला जैन समाज के सैकड़ों भक्तों ने हाथों में केसरिया ध्वजाये लेकर भव्य आगवानी में सहभागिता करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जहां गुणायतन प्रेरक मुनि श्री प्रमाण सागर जी निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर जी प्रसाद सागर जी महाराज के नेतृत्व में सैकड़ों संतो ने मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की भव्य आगवानी की।

इसके पहले पटैरा नगर मुनि संघ का भव्य प्रवेश हुआ जहां धर्मसभा के प्रारंभ में मुनिपुगंव श्रीसुधासागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी मंच पर विराजमान हुए इसके बाद पाद प्रक्षालन एक ओर से सौभाग्य दर्शनोदय तीर्थ के शिरोमणि संरक्षण संजीव श्रागर शैलू भारत परम संरक्षण शैलेन्द्र दददा विपिन सिंघई अशोक नगर ने सौभाग्य प्राप्त किया वहीं दूसरी ओर से जैन समाज के भामाशाह अशोक पाटनी अनिरुद्ध प्रदीप जैन पी एन सी परिवार आगरा प्रमोद पहाड़ियां सुशील मोदी राजेन्द्र कटारिया हुकम काका कोटा महेन्द्र कटारिया सहित अन्य भक्तों को मिला।

इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज एवं क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज ससंघ विहार का विहार कानपुर के लिए हुआ और गुरु देव के कदम आचार्य भगवंत के चरणों की वंदना करने के लिए बड़ रहे थे कि आचार्यश्री की समाधि के वाद वोझिल मन से ये कदम कुंडलपुर की बढ़कर आज तीर्थ भूमि में प्रवेश करने जा रहे हैं देशभर से पच्चीस तीस हजार भक्तों का जनसैलाब उमड़ा है इनके वीच हम कानपुर के सभी पद यात्रियों का सम्मान भारत वर्षीय समाज के साथ दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी एवं अशोक नगर जैन समाज की ओर से कर रहे हैं इस दौरान अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया आमोद जैन संजीव जैन नेता जी अनिल जैन अमित जैन वंटी भइया का सम्मान जैन समाज के भामाशाह अशोक पाटनी राजेन्द्र कटारिया अहमदाबाद थूवोनजी कमेटी के शिरोमणि संरक्षण संजीव श्रागर शैलू भारत परम संरक्षण शैलेन्द्र दददा अरविंद जैन मक्कू महामंत्री विपिन सिंघई अशोक नगर जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल मंत्री एवं मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा देवेन्द्र धुर्रा उपाध्यक्ष अजित वरोदिया कोषाध्यक्ष सुनील अखाई विनोद छाबड़ा जयपुर यश पहाड़िया शैलेन्द्र गोधा अंकित मित्रा विकास पटवारी पंकज भीलवाड़ा अमित पंडरिया सौरव भंयकर मनीष गदिया अतुल डिलवारी नरेन्द्र पांड्या सहित अन्य प्रमुख जनो ने किया इस दौरान मनोज जैन आगरा ने कहा कि आगरा चातुर्मास में हमने कल्पना नहीं की थी हमे ये दौर भी देखना पड़ेगा लेकिन आज जो देशभर से भक्तों का सैलाब उमड़ है ये देखते ही बनता है।

**सभी को आज यही हम आशीर्वाद दे रहे हैं :** इस दौरान विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए निर्यापक श्रमण मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज ने कहा कि परिवार तो कितना ही बड़ा हो सकता है ये हज़ारों लोग उमड़े है ये सिर्फ श्रद्धालुनहीं है ये हमारे परिवार का हिस्सा है वहीं दूसरा होता है कुटुंब जो कुंडलपुर में इकट्ठा हो रहा है वहां सैकड़ों साधु विराजमान हैं वे हमारे कुटुंबी है। कुटुंब में पहुंचकर सब विलीन हो जाते हैं आप वहां ढूंढने मत आना वहां ना मालूम हम कहा होंगे इसलिए सभी परिवार जनों को यही दोनों हाथों से आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य पद पदारोहण समरोह में समलित होने के लिए संघ के अन्य साधु जन भी सैकड़ों किलोमीटर की पद यात्रा कर रहे हैं ये दृश्य भी अपने आप में निराला होगा।

**देशभर से पहुंचे हजारों भक्तों ने लिया अगवानी में हिस्सा :** मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में भव्य प्रवेश के साक्षी बनने देशभर से भक्तों का सैलाब उमड़ा पड़ा पच्चीस तीस हजार भक्तों ने अपनी श्रद्धा भक्ति समर्पण प्रस्तुत करते हुए भीषण गर्मी में पाच किलोमीटर पद विहार कर कुंडलपुर पहुंच रास्ते का नजारा बिल्कुल अलग था देशभर की तीर्थ कमेटीया अपनी प्रस्तुति दे रही थी वहीं थूवोनजी कमेटी के ध्वज सभी ओर लहरा रहे थे वहीं ज्ञानोदय तीर्थ अजमेर की विशाल झांकी मानों सात सौ विघा में फैले इस तीर्थ को संकुचित कर हूं वा हूं लाया गया ऐसी प्रस्तुत दे सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहा था इस दौरान अशोक नगर मुंगावली पिपरई बहादुरपुर चन्देरी ईसागढ़ गुना सिरोंज जयपुर आगरा कानपुर झांसी ललितपुर जवलपुर सागर कोटा सांगानेर अजमेर सीकर अलवर आवा सहित देशभर के भक्तों का उत्साह देखते ही वन रहा था। -**विजय धुर्रा**

# कर्म युग के सनातन पुरोधा थे तीर्थंकर ऋषभदेव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** चैत्र कृष्ण नवमी के दिन फाफाडीह स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भगवान ऋषभदेव का जन्मोत्सव पूर्ण उल्लास के साथ मनाया गया। श्री जी के अभिषेक के पश्चात भगवान आदिनाथ के जन्म एवं तप कल्याण की पूजा की गई।

इस अवसर पर एक प्रेस नोट जारी कर श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश रारा ने बताया कि इस युग में जैनों के 24 तीर्थंकरों में ऋषभदेव प्रथम तीर्थंकर हुए है। वे स्वामभुव मनु की पांचवीं पीढ़ी में से थे। मनु के प्रियव्रत, प्रियव्रत के अगग्नीध्र, अगग्नीध्र के नाभि तथा नाभि के ऋषभदेव हुए। वेदों की 141 रिचाओ में ऋषभदेव का नाम आदरपूर्वक आता है। जब कल्पवृक्ष समाप्त हो रहे थे तथा लोगों के सामने भोजन की समस्या उत्पन्न होने लगी तब अयोध्या नरेश ऋषभदेव ने प्रजा जनों को असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य एवं शिल्प इन 6 विद्याओ का उपदेश देकर लोगों को आजीविका के योग्य बनाया। अपनी पुत्री ब्राह्मी को लिपि एवं सुंदरी को अंकों का ज्ञान कराकर जगत में साहित्य का संचार किया।

एक बार राज दरबार में नीलांजना नामक नृत्यांगना का नृत्य देखते देखते महाराज ऋषभदेव को वैराग्य उत्पन्न हो गया और उन्होंने अपना राज पाट अपने प्रतापी पुत्र चक्रवर्ती भरत को प्रदान कर कैलाश पर्वत पर जाकर तपस्या की तथा वही से निर्वाण को प्राप्त किया। ऋषभ पुत्र भरत के नाम से हमारे देश का नाम भारत विख्यात हुआ। सारे वेद पुराण एवं सनातन साहित्य इस बात का प्रमाण है। अयोध्या में ऋषभदेव के अतिरिक्त चार अन्य जैन तीर्थंकर भी हुए हैं जिनमे दूसरे तीर्थंकर अजितनाथ, चौथे संभवनाथ, पांचवें अभिनंदननाथ तथा 14वें अनंतनाथ हुए। जैन पुराणो में उल्लेख आता है कि भविष्य में सभी जैन तीर्थंकर अयोध्या नगरी से जन्म लेंगे तथा सम्मेद शिखर से निर्वाण को प्राप्त करेंगे। -**कैलाश रारा**

# स्वस्तिभूषण माताजी के दर्शन कर कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने लिया आशीष

**स्वस्तिभूषण माता जी ने कहा- जो जमीन से जुड़े हुए हैं उन्हें अभिमान नहीं होता**



**रामगंजमंडी (विश्व परिवार)।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे विराजित भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 स्वस्तिभूषण माताजी का मंगल आशीर्वाद लेने क्षेत्रीय विधायक एवम राजस्थान सरकार मे शिक्षा एवम पंचायतीराज कैबिनेट मंत्री श्री मदन दिलावर ने मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे दिगम्बर जैन समाज की और से चेतन बागडिया कमल लुहाडिया राजकुमार गंगवाल निखिलबाकलीवाल धीरज चेलावत महावीर शाह राजकुमार गंगवाल मुकेश बाकलीवाल विकास अग्रवाल सुशील पल्लीवाल प्रदीप सोनी कैलाश टोंग्या मनीष सेठी प्रदीप शाह अभिषेक लुहाडिया आदि ने उनका दुप्पटा माला पहनाकर उनका अभिनन्दन स्वागत किया माताजी ने उन्हे मंगल आशीर्वाद देते हुए सोनागिरी सिद्धक्षेत्र की तस्वीर एवम साहित्य प्रदान किया इस अवसर पर श्री दिलावर ने जैन समाज की पार्षद रूचि चेलावत का भी अभिनन्दन किया।

**मेरा सोभाग्य है कि मैं पूज्य माताजी के दर्शन कर रहा हूं मदन दिलावर :** इस अवसर पर श्री दिलावर ने कहा की मेरा सोभाग्य है की मई पूज्य माताजी के दर्शन कर रहा हु और आप लोगो के भी दर्शन कर पा रहा हु मै जन्म से जैन नहीं हु कर्मो से जैन हु मै आज यह कह सकता हु मै आज साक्षात् भगवान के चरणों मे हु उन्होने कहा मेरी विशुद्धमति माताजी मेरी नजदीकी है और कोटा मे मेने आदित्य सागर महाराज के दर्शन किए तब उन्होने कहा की तुम्हारे विचार मुझसे मेल खाते है आज मै धन्य हो गया जो यहाँ बैठकर मुझे आपके दर्शन का लाभ मिला।

इस अवसर माताजी ने स्वस्तिधाम की जहाजपुर की महिमा को उन्हें बताया उन्हें वहा के दर्शन को कहा माताजी ने श्री दिलावर के लिए कहा कि जो जमीन से जुड़े हुए हैं उन्हे अभिमान नहीं होता जिनसे बड़े-बड़े काम होते है उन्हे जीवन मे बडे बडे अनुभव दिए जाते है जब तक वे उन अनुभवों से नहीं गुजरेगे बडे काम नहीं कर सकते और आप मे अभिमान नहीं है इसलिए शिक्षा मंत्री सरलता सहजता से आ गए तारीफ़ करते हुए कहा आप कर्म से जैन है माताजी ने निवेदन किया यहाँ की जो LIBARY है उसमे जैन साहित्य भी रखा जाए इस निवेदन को श्री दिलावर ने सहमती दी और माताजी ने कहा जहा भी कार्यक्रम करू आपको बुलाऊ आपको आना होगा माताजी ने कहा आपकी बातो को सुनकर औरो को भी प्रेरणा मिलेगी और ऐसा लगा जेसे मोदी जी को सुन रहे हो ऐसे व्यक्ति यदि होते है तो वास्तव मे काम होता है देश की सेवा और धर्म की सेवा ये दोनों सेवा आपके हाथ मे होती है। -**अभिषेक जैन लुहाडिया**

# मुनि श्री संधानसागर महाराज ने कहा- हरिवंश की ध्वजा है नेमीनाथ भगवान



**मनकापुर (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने स्वयभू स्त्रोत का अर्थ बताते हुये कहा कि नेमीनाथ भगवान अनेक विशेषणों से युक्त थे, से उसमें एक विशेषण है- हरीवेशकेतु मतलब हरीवंश की ध्वजा है नवीनाथ भगवान / नेमीनाथ भगवान के पिताजी थे - समुद्रविजय 10 भाई थे। सबसे छोटे भाई के वसुदेव उन्ही की दो संतान हुयी - श्रीकृष्ण एवं बलभद। इस प्रकार श्रीकृष्ण के बड़े पिताजी की संतान नेमीनाथ होने से वे आपस में चचेरे भाई थे। पूज्य मुनि श्री मे भगवान के आठ विशेषणी पर मुनिश्री प्रकाश डालते हुये आगे कहा कि जो निर्ग्रन्य पद को धारण कर लेता है वही मोक्ष पथ का रही हो सकता है। जिस प्रकार मुनिसुव्रत नाथ भगवान नीले रंग के थे, उसी प्रकार 22 वे तीर्थकर हरीवंश कुल के शिरमोर नेमीनाथ भगवान भी नीले रंग के थे। -**विद्यावाणी संकलन**


## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बृजमोहन अग्रवाल को 1 लाख वोटों से जिताने का संकल्प लिया

**रायपुर (आरएनएस)।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने के लिए बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के खरोरा मंडल, विधानसभा मंडल, धरसींवा मंडल में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित संगठन है जिसमें हर एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता की अहम जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता, वरिष्ठ नेताओं का अनुभव लेकर पूरी ईमानदारी और परिश्रम से जनता के बीच में जाएं और उनके सामने अपनी बात रखें तो जनता न केवल हमारी बातों को सुनेगी बल्कि उस पर अमल करते हुए कमल के फूल को वोट भी देगी। अग्रवाल ने कहा कि अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब कट्टर कांग्रेसी परिवार भी मोदी और भाजपा के समर्थन में आ गए हैं।

# हाईसेंस ने अपने एसी पोर्टफोलियो को बढ़ाया, कूलिंग एक्सपर्ट प्रो एसी को लॉन्च कर होम कूलिंग को दिया नया आकार

**पीएम 2.5 हेल्थ फिल्टर, और 100 प्रतिशत कॉपर बिल्ड, यह एसी इमबोडीज पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए सबसे लंबे समय तक चलने वाला और ठंडा करने वाला एसी**

**4-इन-1 कंवरटेबल मोड के साथ सबसे तेज कूलिंग इफिसियेंसी**




**मुंबई (विश्व परिवार)।** कंज्यूमर इलेक्ट्रोनिक के रूप में मार्केट में सबसे ज्यादा भरोसेमंद ब्रांड हाईसेंस कई समय से कंज्यूमर के दिलों पर राज कर रहा है और इसकी खास बात है कि ये कीमत के साथ अपनी तकनीक के लिए भी जाना जाता है। इसी भरोसे पर खरा उतरते हुए हाईसेंस ने एक ऐसा एयर कंडीशनर प्रोडक्ट लान्च किया जो अपनी कूलिंग एफिसिंऐसी से हर घर की पहली पसंद बन जाएगा। कूलिंग एक्सपर्ट प्रो एसी के लान्च की घोषणा के साथ अपने भारत एयर कंडीशनर उत्पाद पोर्टफोलियो को मजबूत करता है, जो भारतीय घरों के लिए कूलिंग इफिसियेंसी समाधानों को फिर से परिभाषित करने के लिए उन्नत तकनीक लाता है।

कूलिंग एक्सपर्ट प्रो एसी क्विक चिल टर्बो मोड के माध्यम से तेज और कूलिंग इफिसियेंसी प्रदान करता है, जिसमें उच्च प्रशंसक गति होती है। 4-इन-1 परिवर्तनीय मोड के साथ, उपयोगकर्ता अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप कूलिंग इफिसियेंसी को सटीक रूप से संशोधित कर सकते हैं। इंटेलीजेंट इनवर्टर तेजी से कूलिंग और ऊर्जा की बचत के लिए वैरिएबल टनेज तकनीक का उपयोग करता है। आकर्षक INR 27,990/- की कीमत पर, कूलिंग एक्सपर्ट प्रो एसी प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। हाईसेंस एसी की कूलिंग एक्सपर्ट प्रो श्रृंखला के लिए एक मजबूत वारंटी भी प्रदान कर रहा है: 1 साल की व्यापक वारंटी, 5 साल की PCB वारंटी और मन की अंतिम शांति के लिए 10 साल की कंप्रेसर वारंटी।

**क्विक चिल टर्बो मोड, एक इंटेलीजेंट कंप्रेसर और उच्च पंखे की गति के माध्यम से तेज कूलिंग इफिसियेंसी सुनिश्चित करता है**

होम कूलिंग सॉल्यूशंस में क्रांति लाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए, हाईसेंस ने कूलिंग एक्सपर्ट प्रो एसी का लॉन्च किया, जो अद्वितीय उपयोगकर्ता-केंद्रित डिजाइन के साथ प्रौद्योगिकी के संयोजन के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। कूलिंग एक्सपर्ट प्रो इस दूरदर्शी दृष्टिकोण के अवतार के रूप में खड़ा है, जो कूलिंग इफिसियेंसी को बढ़ाने के लिए सावधानी पूर्वक तैयार की गई सुविधाओं की एक श्रृंखला प्रस्तुत करता है। क्विक चिल टर्बो मोड से लेकर, उच्च पंखे की गति के साथ तेज और प्रभावी कूलिंग के लिए एक बुद्धिमान कंप्रेसर का उपयोग करना, 4-इन-1 परिवर्तनीय मोड तक, जो शीतलन दक्षता के सटीक मॉडुलन की अनुमति देता है, और तेजी से कूलिंग और बचत के लिए परिवर्तनीय टनेज प्रौद्योगिकी को नियोजित करने वाला बुद्धिमान इनवर्टर-प्रत्येक सुविधा को विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जटिल रूप से डिज़ाइन किया गया है।

इसके अलावा, एसी में लंबी उम्र के लिए इंडोर यूनिट में एक्स्ट्रा एनहांस्ड हेयरपिन कोटिंग और ब्लू फिन के साथ एंटी-कोरोशन टैक्नोलाजी के साथ इंटेलीजेंस मोड और सीमलेस कस्टमाइजेशन आराम के लिए स्लीप मोड और स्टेबलाइज़र-मुक्त संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक वाइड वोल्टेज रेंज है। 1 टन 3 स्टार के लिए INR 27,990/-, 1.5 टन 3 स्टार के लिए INR 29,990/-, 1.5 टन 5 स्टार के लिए INR 35,990/- और 2 टन 3 स्टार के लिए INR 39,990/- की कीमत पर, कूलिंग एक्सपर्ट प्रो न केवल एक कूलिंग डिवाइस है, बल्कि एक उन्नत, भविष्य और समग्र कूलिंग अनुभव के लिए हाईसेंस किसी वरदान से कम नहीं।

हाईसेंस इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री स्टीवन ली ने कहा कि हाईसेंस में, भारत के लिए हमारा दृष्टिकोण हमेशा प्रौद्योगिकी के माध्यम से हमारे उपभोक्ताओं के जीवन को समृद्ध करना रहा है। कूलिंग एक्सपर्ट प्रो के लॉन्च के साथ, हम न केवल कूलिंग बल्कि एक इमर्सिव अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं जो हमारे ग्राहकों की उभरती जरूरतों के को पूरा करता है। हमारा ये प्रोडक्ट ऐसा है जो मार्केट में जाकर न सिर्फ हमारे कंज्यूमर को सन्तिुष्टि देगा बल्कि पर्यायवरण पर भी कोई बुरा असर नहीं डालेगा। जो हम सभी के लिए बहुत जरूरी बात है। इसके साथ ही इस प्रोडक्ट की ऐसी कई खूबियां हैं जिनसे हमें भरोसा है कि ये हर घर की पहली पसंद बनेगा। मार्केट में कोई भी एसी खरीदते वक्त जिन-जिन बातों का ध्यान रखता है वह सभी महत्वपूर्ण बातें हमने इस प्रोडक्ट को बनाते हुए ध्यान रखी है और हमें उम्मीद है कि हम अपने सभी ग्राहको को खुश कर पाएंगे।

# तीर्थक्षेत्र कमेटी की पहली बैठक अहिक्षेत्र में सम्पन्न, तीर्थ और मंदिर की मूर्तियां हमारी अनमोल धरोहर

**उत्तरांचल उत्तराखंड के आंचलिक अधिवेशन में तीर्थों के पदाधिकारी हुए शामिल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की नई टीम का विस्तार**

## तीर्थ क्षेत्रों की धरोहर के संरक्षण और संबर्द्धन के लिए आगे आएं




**अहिक्षेत्र रामनगर किला (विश्व परिवार)।** भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी उत्तर प्रदेश उत्तराखंड का आंचलिक अधिवेशन एवं नव निर्वाचित अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी की पहली बैठक श्री अहिक्षेत्र पार्श्वनाथ अतिशय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र रामनगर किला (बरेली) में 30- 31 मार्च 2024 को उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुई। जिसमें अनेक तीर्थक्षेत्र कमेटी एवं तीर्थक्षेत्रों के प्रमुख पदाधिकारी तथा विभिन्न प्रान्तों के पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए और तीर्थों के संरक्षण, संवर्द्धन पर विचार रखे तथा भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष समाज श्रेष्ठि जम्बुप्रसाद जी जैन गाजियाबाद, महामंत्री संतोष जी पेंडारी सहित सभी पदाधिकारियों का भावभीना सम्मान किया गया। आयोजन श्री जवाहरलाल जैन अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उत्तराखंड तीर्थक्षेत्र कमेटी के कुशल संयोजन में किया गया।

इस मौके पर तीर्थक्षेत्रों के संरक्षण व संवर्द्धन पर मंथन किया गया। तीर्थ क्षेत्रों का विकास एवं प्राचीनता, संरक्षण, संवर्द्धन, ज्वलंत समस्याओं पर अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बुप्रसाद गाजियाबाद ने कहा कि तीर्थक्षेत्र हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान हैं। तीर्थक्षेत्र हमारी आस्था, श्रद्धा के केन्द्रबिन्दु हैं। मूर्तियां, तीर्थ क्षेत्र एवं वास्तुकला के विशिष्ट प्रतिमान हैं। इनके संरक्षण के लिए सभी को आगे आना चाहिए। सभी तीर्थ तीर्थक्षेत्र कमेटी से जुड़ें।

महामंत्री संतोष पेंडारी ने सम्मेदशिखर जी, केशरिया जी, अंतरिक्ष पार्श्वनाथ आदि तीर्थों के चल रहे केसों की अद्यतन जानकारी साझा की।

उत्तर प्रदेश उत्तरांचल कमेटी के अध्यक्ष जवाहर लाल जैन ने कहा कि प्राचीन तीर्थ, मंदिर मूर्तियां हमारी अनमोल धरोहर हैं। तीर्थक्षेत्र कमेटी तीर्थों के संरक्षण संवर्द्धन के लिए संकल्पित है। अधिवेशन में वक्ताओं ने तीर्थों पर संतों के चातुर्मास, तीर्थों का सर्वेक्षण, अच्छी व्यवस्था, प्रत्येक मंदिर तीर्थों पर सीसीटीवी कैमरे, आंचलिक कमेटियों की सक्रियता और आंचलिक कमेटियों को बजट का प्रावधान आदि अनेक सुझाव दिए गए।

कार्यकारणी का विस्तार ः इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विस्तार की घोषणा की गई जिसमें उपाध्यक्ष पद पर समाज श्रेष्ठि प्रदीप जैन पीएनसी आगरा, श्री सुरेश जैन कुलाधिपति मुरादाबाद, श्री विजय कुमार जैन अहमदाबाद, श्रीमती नीलम जैन अजमेरा, श्री संजय जैन पापड़ीवाल औरंगाबाद, महामंत्री श्री संतोष जैन पेंडारी नागपुर, कोषाध्यक्ष श्री अशोक दोसी मुंबई तथा मंत्री श्री हसमुख गांधी इंदौर, डॉ जीवन प्रकाश जैन हस्तिनापुर, श्रीबजयकुमार जैन कोठारी लखनऊ, श्री वीरेश जैन जबलपुर को बनाया गया। सभी नवीन पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। बैठक का संचालन महामंत्री संतोष पेंडारी ने किया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश- उत्तराखण्ड तीर्थ क्षेत्रों के परिचय की स्मारिका विमोचन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बुप्रसाद जी गाजियाबाद की %मेरा स्वप्न ः तीर्थक्षेत्रों का विकास% पुस्तक सभी को दी गयी जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तीर्थक्षेत्रों के प्रति अपने विजन का उल्लेख विस्तार से किया है। तीर्थक्षेत्र कमेटी का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि कमेटी 46 लाख रुपये घाटे में है। इस दौरान अनेक तीर्थक्षेत्रों के पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। - **डॉ. सुनील जैन संचय**

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र, 5 न्याय और... पेज-01 का शेष

जबकि श्रमिक न्याय के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया गया है. कांग्रेस ने नारी न्याय के अंतर्गत महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए हैं.

**न्याय के दस्तावेज के रूप में याद रखेगी जनता :** कांग्रेस के घोषणापत्र पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारा घोषणा पत्र देश के राजनीतिक इतिहास में न्याय के दस्तावेज के रूप में याद किया जाएगा. राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा पांच स्तंभों पर केंद्रित थी. यात्रा के दौरान युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिसदारी न्याय की घोषणा की गई. इन पांच स्तंभों में से 25 गारंटियां निकलती हैं और हर 25 गारंटियों में किसी न किसी को लाभ मिलेगा.

## संक्षिप्त समाचार

### सीएसईबी चौराहे के पास हुई दो पक्षों में मारपीट

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सीएसईबी चैराहे के पास पिछली रात हुई मारपीट की खबर मिलने पर पुलिस हरकत में आई और इस पर संज्ञान लिया। घटना को लेकर आगे की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस चैकी से कुछ दूरी पर स्थित शॉपिंग काम्प्लेक्स में यह घटना रात्रि 9 बजे के आसपास हुई। काम्प्लेक्स में अलग-अलग श्रेणी की दुकानें संचालित होती है। जानकारी के मुताबिक रात्रि को कारोबारी और ग्राहक वहां मौजूद थे। इसी दरम्यान मानसिक रूप से अस्वस्थ एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस के दुकान संचालक से जबरिया विवाद किया और उसे थप्पड़ लगा दिया। उसकी पुत्री ने जब इस नजारे को देखा तो हस्तक्षेप करने की कोशिश की। इस दौरान उससे भी मारपीट की गई। उसने तुरंत अपने घर फोन किया और परिजनों को जानकारी दी। कुछ देर में सदस्य वहां पहुंचे और वस्तुस्थिति का जायजा लेने के साथ हिसाब बराबर किया। बताया गया कि उस दौरान उस व्यक्ति की खबर ली गई जिसने अकारण मारपीट की शुरुआत की। व्यस्त क्षेत्र में दो पक्षों में मारपीट होते देख किसी व्यक्ति के द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। सीएसईबी पुलिस की टीम ने यहां पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

### स्काउट गाइड्स द्वारा चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान


**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में आमजनों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु निरंतर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं स्काउट गाइड्स कैडर्स द्वारा शॉर्ट वीडियो, पोस्टर, नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद जैसे गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरबा के स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत शॉर्ट वीडियो व पोस्टर के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजनों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही अपने घर-परिवार एवं आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

### दंतैल ने घेरा ग्रामीण परिवार को, पटाव में छिपकर बचाई जान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। यहां के केंदई रेंज में विचरण कर रहे एक दंतैल हाथी आधी रात को दल से अलग होकर ग्राम परला पहुंच गया और एक ग्रामीण के घर को घेर लिया। घर में दंतैल से घिरे ग्रामीण व उसका परिवार पटाव में चढकर अपनी जान बचाई। वन विभाग की निगरानी टीम को जानकारी मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंची और दंतैल को खदेडने के साथ पटाव में छिपे ग्रामीण व उसके परिवार को उतारकर सुरक्षित स्थान में पहुंचाया। इस दौरान दंतैल ने उत्पात मचाते हुए ग्रामीण के घर के काफी हिस्से को भी ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार केंदई रेंज में 39 हाथी कापानवापारा व परला बीट में विचरण कर रहे हैं जिनमें से 30 हाथियों का दल कापानवापारा तथा 9 हाथी परला के कक्ष क्रमांक पी-347 में सक्रिय हैं। बताया जाता है कि परला क्षेत्र में सक्रिय 9 हाथियों के दल में शामिल एक दंतैल हाथी रात्रि 1 बजे के लगभग दल से अलग हुआ और परला बस्ती में प्रवेश कर चंद्रिका प्रसाद साहू नामक ग्रामीण के घर में घुस गया। दंतैल ने घर में प्रवेश करते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया और बरामदे को तोडने के साथ ही चंद्रिका प्रसाद व उसके परिवार को घेर लिया। किसी तरह चंद्रिका प्रसाद व उसका परिवार अपने आपका बचाव करते हुए पटाव में चढ़ गया और उसके एक कोने में छिपकर जान बचाने के साथ ही इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। अधिकारियों के निर्देश पर हाथियों की निगरानी में लगे वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जान जोखिम में डालकर पहले ग्रामीणों को नीचे उतारा फिर दंतैल को खदेडने की कार्यवाही की। जिससे ग्रामीण व उसके परिवार की रक्षा हो सकी। इस बीच वन विभाग की टीम ने थर्मल ड्रोन कैमरे में दंतैल की हरकतों व बचाव अभियान की तस्वीर कैद कर ली। बचाव अभियान की कार्यवाही में डिप्टी रेंजर अजय कुमार साय, वनपाल दरसराम मिलन, वनरक्षक राकेश चैहान, राजकुमार बंजारे, सुकमन पाटले, पंकज खैरवार, प्रदीप पराइन के साथ ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले दंतैल ने बुधवार सिंह बिंझवार के घर को भी निशाना बनाते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। दंतैल के उत्पात से ग्रामीण काफी दहशत में रहे।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

## संगवारी, युवा एवं दिव्यांग मतदान केंद्रों, वाहन अधिग्रहण, वेब कास्टिंग, स्वीप अभियान के संबंध में कलेक्टर द्वारा दिये गये दिशा निर्देश



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली गयी। बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्थापित 10 संगवारी मतदान केंद्र, 6 युवा मतदान केंद्र तथा 1 दिव्यांग मतदान केंद्र के बारे में आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अन्य प्रबंध भी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने 24 चिन्हांकित मतदान केंद्रों में आ रही समस्याओं का निराकरण तत्काल करने और विद्युत सेवा बाधित मतदान केन्द्रों में विद्युतीकरण को दुरूस्त करने, 122 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग हेतु आवश्यक उपकरण लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही बैठक में निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में वाहन अधिग्रहण करने और उसमें जीपीएस मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में 2000 से अधिक मतदाता है वहां प्रसाधन केंद्र पेयजल और छायादार व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके साथ ही मतदान सामग्री वितरण केंद्र में वितरक टेबलों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। ताकि मतदान दल सुविधापूर्वक मतदान सामग्री लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो सकें। समय-सीमा बैठक में अन्य बिंदुओं की समीक्षा के क्रम में ब्लॉक दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा और कटेकल्याण में निर्माणाधीन आवास योजनाओं की पुर्णता के लिए समयबद्ध लक्ष्य भी दिये गये। साथ ही संबंधित सीईओ से कहा गया कि वे रोजाना इसकी प्रगति की अद्यतन जानकारी कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगें। इसके साथ ही बैठक में डीएमएफ नवीन गाइडलाइन से अवगत कराते हुए इसके अंतर्गत पंचवर्षीय योजनाएं, चालू वर्ष में किये जा रहे कार्यों और डीएमएफ की आवश्यकता वाले आधारभूत क्षेत्रों हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए भी विभागों को भी निर्देशित किया गया।

### सिलेंडर फटने से युवक की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में बुधवार की दोपहर बीच शहर में हुए हादसे में कुसमुंडा क्षेत्र के युवा की दुखद मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर निवासी रोहित पटेल उम्र लगभग 38 वर्ष अपने एक साथी के साथ फ्रिजर का एसी टैंक लेने कोरबा गया हुआ था, वापसी में ओवर ब्रिज के नीचे मस्जिद कॉम्पलेल्स में एक चश्मे की दुकान में चश्मा लेने रुका हुआ था,सामान भी साथ में था, इसी दौरान जोर का धमाका हुआ, धमाका छोटे से गैस सिलेंडर का था। इस धमाके में सिलेंडर का एक टुकड़ा रोहित के सिर के पीछे जा लगा, आनन फानन उसे कोरबा के निजी अस्पताल में ले जाया गया,जहां सिर से अत्यधिक रक्त स्राव की वजह से रोहित की मौत हो गई। अस्पताल से प्राप्त जानकारी के उपरांत सिविल लाइन पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वही इस घटना की खबर से प्रेम नगर में शोक की लहर है।

# कलेक्टर ने महिला, दिव्यांग एवं युवा मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 549 प्रशिक्षार्णियों को अच्छे से चुनाव सम्पन्न कराने किया प्रेरित**

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन में मतदान कार्य को निर्बाध रूप से संपादित करने के लिए मतदान अधिकारियों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में आईटीएस कॉलेज गरियाबंद में आज महिला, युवा एवं दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिले में विशेष रूप से महिला कर्मियों द्वारा कुल 20, दिव्यांग कर्मियों द्वारा 2 एवं युवा कर्मियों द्वारा 10 मतदान केन्द्रों का संचालन किया जायेगा।इन केन्द्रों में चुनाव सम्पन्न कराने के लिए 549 महिला, दिव्यांग एवं युवा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, 2 एवं 3 में लगे अधिकारी-कर्मचारी को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान अधिकारियों को सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने मास्टर ट्रेनरों द्वारा विभिन्न निर्वाचन प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने प्रशिक्षण में पहुंचकर लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान दलों के अधिकारियों को जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मतदान दलों के अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य को बहुत सरल और बहुत कठिन नहीं समझना चाहिए। निर्वाचन का कार्य चरणबद्ध तरीकों पर आधारित वह प्रक्रिया है, जो कि प्रशिक्षण पर टिका है। मतदान दल के अधिकारी जितने गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उनके लिए निर्वाचन कराना उतना ही आसान हो जाएगा। उन्होंने निर्वाचन कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्हालने वाली महिलाओं, दिव्यांग एवं युवा कर्मियों को चुनाव कार्य से न घबराने की बात कहते हुए आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने और निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्वाचन के कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न कराने प्रेरित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज से प्रारंभ हुए मतदान दलों के प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन कार्य की गंभीरता और जिम्मेदारी से अवगत कराया।

# नियमित की जा रही जल शुद्धता की जांच ताकि लोगों को मिले शुद्ध पेयजल

**बालोद(विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल की शुद्धता की जांच विभिन्न प्वांइटों पर नियमित रूप से की जा रही है, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके, वहीं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति व पेयजल की शुद्धता पर विशेष फोकस रखने के निर्देश पेयजल विभाग के अधिकारियों को दिए है। नगर पालिक निगम केरबा द्वारा निगम क्षेत्र के वार्डो में जलउपचार संयंत्र के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले शोधित पेयजल की शुद्धता की जांच विभिन्न प्वांइटों एवं अंतिम छोर तक की जा रही है, पेयजल शुद्धीकरण कार्य हेतु आवश्यक रासायनिक सामग्रियों का उपयोग कर पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित कराई जा रही है, वहीं जल उपचार संयंत्र में उपलब्ध जल परीक्षण उपकरणों से नियमित रूप से रा-वाटर एवं क्लीयर वाटर के पीएच मानक एवं रेसिड्यूअल क्लोरिन टर्बिडिटी का परीक्षण तीन सिफ्टों में किया जाता है, साथ ही सप्लाई किए गए पेयजल की अंतिम छोर से जल नमूने प्राप्त कर क्लोरिन की मात्रा निर्धारित मानक के अनुरूप निर्धारित करते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने तथा पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा है कि जिन क्षेत्रों में पावर पम्पों व भूमिगत स्त्रोतों के माध्यम से जलापूर्ति की जाती है, उनका अनिवार्य रूप से नियमित परीक्षण करने, पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित कराने तथा सभी जल स्त्रोतो का शुद्धीकरण व वहॉं की साफ-सफाई पर विशेष फोकस रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

### उपजेल में गौशाला की मांग लेकर सहायक जेल अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पूरे देश में संघ की गौ सेवा गतिविधि की टीम गौ संरक्षण विषय को लेकर संगठनात्मक तौर पर काम कर कर रही है। जिले के सभी विकासखंडो, शहरों व गाँवो में जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है। कोई भी गौवंश बूचडखाने में न कटे, सडकों पर न घूमे। इस दिशा में गौ सेवा गतिविधि की टीम पूरे देश में लगातार काम कर रही है। गौवंशों के संरक्षण के विषय में गौ सेवा गतिविधि में यह बात भी कही गयी है कि जेलों में सडकों पर घूम रही निराश्रित गौवंशों की व्यवस्था हेतु गौशाला निर्माण होने चाहिये। जहां कैदियों द्वारा संरक्षण व गौ उत्पादों का निर्माण होगा, साथ ही कैदियों की पंचगव्य द्वारा चिकित्सा होगी। इसी क्रम में जिला कोरबा गौ सेवा गतिविधि की टीम ने 3 अप्रैल को सहायक जेल अधीक्षक सुश्री सीमा उरांव को मिलकर ज्ञापन सौंपा। सुश्री सीमा उरांव के निर्देशन में जेल के संबंधित स्टाफद्वारा जेल के बाहरी परिसर में गौशाला हेतु जमीन का भ्रमण कराया गया। ज्ञापन के दौरान जिला संयोजक लालिमा जायसवाल, सह संयोजक संध्या भारद्वाज, कटघोराखंड संयोजक महेंद्र सिंह राजपूत, प्रशिक्षण प्रमुख विनोद देवांगन के साथ भाजपा नेत्री स्नेह लता पटेल, व अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# मनरेगा श्रमिक, एसबीएम एवं आवास हितग्राहियों ने कार्यस्थल पर मतदाता जागरूकता की ली शपथ

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प गरियाबंद ''संकल्प एक अभियान शत प्रतिशत हो मतदान'' के तहत जिले में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आज जिले के समस्त ग्राम पंचायतों के मनरेगा श्रमिक, एसबीएम हितग्राही एवं आवास हितग्राही द्वारा ''हम बढ़े-हमारा अधिकार बढ़े'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव एवं कार्यस्थल पर मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। इस दौरान उन्होंने मतदाता जागरूकता शपथ लेकर कहा कि हम स्वयं जागरूक रहकर मतदान करेंगे साथ ही अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा गया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा तथा बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष मतदान करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि देश में लोकसभा निर्वाचन की तिथि घोषित होने के साथ ही जिले में भी आदर्श आचरण संहिता लागू है। साथ ही मतदाताओं को शत प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करने विभिन्न माध्यमों से प्रेरित किया जा रहा है। इसी के तहत स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिलेवासियों को निष्पक्ष और भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न वर्गो को मतदाता जागरूकता में शामिल होकर मतदान दिवस में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी अंतर्गत जिले में संकल्प गरियाबंद के तहत आज जिले के समस्त ग्राम पंचायतों के मनरेगा श्रमिक, एसबीएम हितग्राही एवं आवास हितग्राहियों को संचालित कार्य स्थल में मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया।

# महुआ बीनते ग्रामीणों एवं आत्मसमर्पित परिवारों को चुनाव पर्व में पूर्ण जन भागीदारी देने का दिया संदेश




**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप कार्य योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर ''चुनाव का पर्व, देश का गर्व'' बताकर, मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में जहां कटेकल्याण, कुआकोंडा के गांव देहात में पुरे परिवार के साथ महुआ एकत्र कर रहे ग्रामीणों के मध्य जाकर उन्हें चुनाव पर्व में अपनी भागीदारी करने का संदेश मतदान जागरूकता दलों द्वारा दिया गया। वहीं पुलिस लाईन कारली में भी आत्मसमर्पित परिवारों को भी ईवीएम मशीन में मतदान करने प्रक्रिया समझाकर उन्हें 19 अप्रैल को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, सेक्टर सुपरवाईजरों एवं मितानिनों की बड़ी भूमिका रही है। जो मतदाताओं को सशक्त बनाने तथा मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करने तथा मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। मतदान जागरूकता दल, जिसमें समस्त युवा मतदाताओं एवं गांव की महिलाओं शामिल हैं, ने निर्वाचन संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है इसलिए सभी युवा मतदान करने अवश्य जाएं और एक स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता देते हुए आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। ज्ञात हो कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को मतदान होना है, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग के मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने, कम मतदान वाले क्षेत्रों में सतत रूप से मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिससे समस्त जिले वासियों से आगे आकर मतदान करने की अपील की जा रही है।

### शादीशुदा महिला को जबरदस्ती भगाकर किया दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** एक शादीशुदा महिला को जान से मारने की धमकी देकर उसे जबरदस्ती अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना एक अप्रेल की है जब घुमका थाना अंतर्गत एक विवाहित महिला को झाड़ फुंक का काम करने वाले खोमलाल साहू निवासी जुरलाखुर्द ने उसके घर के बाहर आकर उसे जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती अपने मोटर साईकल में बिठाकर अपने साथ भगा ले गया। तथा महिला को मोहारा चौकी क्षेत्र के ग्राम खुर्सीपार अपने परिचित के घर ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था उसके बाद पीड़िता वहां से वापस आकर 3 मई को थाना घुमका में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 376, 506 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। इधर घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया था। प्रकरण महिला सम्बंधित व गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में थाना घुमका पुलिस द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी खोमलाल साहू के बारे में जानकारी लेकर उसका लोकेशन ग्राम खुर्सीपार में होने की पुष्टि होने पर उसे एफआईआर दर्ज होने के एक घंटे के अंदर ही ग्राम खुर्सीपार पुलिस चौकी मोहारा पहुंचकर हिरासत में लिया गया तथा 4 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड मे जेल दाखिल किया गया है।

## व्यापार समाचार

### Mobil 1 50वीं वर्षगांठ: आगे के लिए तैयार

**रायपुर।** ExxonMobil को वैश्विक बाजार में Mobil v™ मोटर ऑयल की शुरूआत करने के 50वीं वर्षगाँठ मनाने पर गर्व है। 2024 में ExxonMobil साझेदारी, मोटरस्पोर्ट्र्स और आभासी वास्तविकता में पहल की एक श्रृंखला के साथ Mobil v™ ब्रांड के अपने 50 साल के इतिहास का जश्न मनाएगा, जिनमें से प्रत्येक ब्रांड की विरासत और आने वाले समय की चीजों को उजागर करेगा। पहले पूर्ण सिंथेटिक ऑटोमोटिव मोटर ऑयल के रूप में शुरुआत करने और फिर Mobil v™ ब्रांडेड तेलो की श्रृंखला में विस्तार करने के बाद Mobil v™ ब्रांड गैस-संचालित और हाल ही में, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के इंजन की सुरक्षा में सबसे आगे रहा है, और पिछले पाँच दशक से बेजोड़ गुणवत्ता और प्रदर्शन प्रदान कर रहा है। आज, Mobil v™ नवाचार, सहयोग और ग्राहकों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ दुनिया का अग्रणी सिंथेटिक मोटर ऑयल ब्रांड है। इस प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ, ExxonMobil इंजन सुरक्षा और प्रदर्शन के भविष्य को आकार देना जारी रखने के लिए उत्साहित है। इस महत्वपूर्ण पड़ाव वाले वर्ष में Mobil v™ के उत्सव को प्रेरित करने वाले केंद्रीय घटकों में से एक ब्रांड की यात्रा को दर्शाने वाली एक लघु फिल्म है।

### अदीश्वर ऑटो राईड इंडिया ने रायपुर में खोला 'मोटो वॉल्ट' सुपरबाईक शोरूम

**रायपुर।** अपनी प्रीमियम मोबिलिटी पेशकश का विस्तार करते हुए महावीर ग्रुप की कंपनी अदीश्वर ऑटो राईड इंडिया प्रा. लिमिटेड (एएआरआई) ने अपने नए वेंचर -मोटो वॉल्ट का लॉन्च किया है, जो रायपुर में मल्टी-ब्राण्ड सुपरबाईक फ्रैंचाइज़ है। हर उपभोक्ता को सुपरबाईक का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए देश भर में कई टच-पॉइन्ट्स खोलने की प्रतिबद्धता के तहत कंपनी ने यह घोषणा की है। मैसर्स स्पीड नेशन के बैनर तले यह नया शोरूम रिंग रोड़ नंगर: 1, डी मार्ट के पास, विनायक विहार कॉलोनी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 पर खोला गया है। शोरूम में मोटो मोरिनी, ज़ोन्टेस और क्यूजे मोटर सहित सुपरबाइकों की ग्लोबल रेंज को डिस्प्ले किया जाएगा। आने वाले समय में एएआरआई ने अपने मल्टी-ब्राण्ड फ्रेंचाइज़ के माध्यम से कई विश्वस्तरीय ब्राण्ड्स पेश करने की योजना बनाई है। इन आउटलेट को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह आधुनिक सेल्स, सर्विस एवं स्पेयर्स सपोर्ट के साथ-साथ परिधानों एवं एक्सेसरीज़ की एक्सक्लुज़िव रेंज को भी प्रदर्शित करेगा।

### लाईफ स्टाईल ने रायपुर में अपने दूसरे स्टोर के साथ अपनी रिटेल पहुँच का विस्तार किया



**रायपुर,** लेटेस्ट ट्रेंड्स के लिए भारत के अग्रणी फैशन स्टोर, लाईफस्टाईल ने सिटी सेंटर पांडरी, रायपुर में अपना नया स्टोर लन्च किया है। यह स्टोर दो मंजिलों में 24,000 वर्गफीट में फैला है और फैशन रिटेल के लिए विकसित होते बाजार, रायपुर में लाईफस्टाईल का दूसरा स्टोर है। लाईफस्टाईल के इस नए स्टोर में ग्राहकों को शपिंग का सुगम अनुभव मिलेगा। उन्हें यहाँ 100 से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स और लेटेस्ट ट्रेंड्स उपलब्ध होंगे। इस नए स्टोर के बारे में श्री देवराजन अइयर, एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर एवं चीफ एग्ज़िक्यूटिव अफिसर, लाईफस्टाईल ने कहा सिटी सेंटर पांडरी, रायपुर में हमारे दूसरे स्टोर की शुरुआत यहाँ के जीवंत समुदाय के लिए शपिंग का अनुभव बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। हमें लाईफस्टाईल के उत्पादों की विशाल श्रृंखला यहाँ पेश करने की खुशी है, ताकि हम अपने ग्राहकों की विभिन्न तरह की रुचियों और पसंदों को पूरा कर सकें। यहाँ क्योरेटेड फैशन लाईंस, नए ब्रांड्स का संग्रह, लेटेस्ट फैशन का प्रदर्शन करने वाली विशाल डिजिटल स्क्रीन और बेस्ट इन-क्लास स्टोर फिक्सचर्स का अनुभव प्राप्त होगा, जिनके कारण लाईफस्टाईल स्टोर शहर में शपिंग के लिए अग्रणी फैशन डेस्टिनेशन है। इस स्टोर में ग्राहकों को अग्रणी फैशन ब्रांड्स की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी, जिनमें जिंजर, मेलांज, ओनली, वेरो मोडा, फोरका, कपा, लीवाईस, यूएस पोलो, अमेरिकन ईगल, कोड, जैक एंड जोन्स, रेयर रैबिट, सीलिओ, यूनाइटेड कलर्स अफ़ बेनेटन, जूनियर्स, गेस, अरमानी एक्सचेंज, फसिल, कलरबार, लैक्मे आदि शामिल हैं। यह स्टोर ग्राहकों को इंटरैक्टिव और रोचक टेक्नोलजी की मदद से अनेक सुविधाएं प्रदान करता है।

### ज़हनसीब' में शेखर रवजियानी, करन कांचन और कस्यप द्वारा नया और रोमांटिक सदाबहार ट्रैक

**मुंबई।** संगीत की दुनिया के तीन महारथियों, शेखर रवजियानी, करन कांचन और कस्यप ने हसी तो फसी फिल्म के रोमांटिक गीत "ज़हनसीब" को रिक्रिएट कर संगीत उद्योग में उत्साह की एक नई लहर दौड़ा दी है। इन कलाकारों के बीच का तालमेल संगीत को यादों के एक ऐसे सफर में ले गया है, जो पूरी दुनिया के श्रोताओं और नेटिजंस को बहुत पसंद आने वाला है। इस गीत और फिल्म को रिलीज़ हुए 10 साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन शेखर रवजियानी, करन कांचन और कस्यप ने यादों का जादू बनाए रखते हुए ज़हनसीब का यह रूपांतरण बिल्कुल नए साउंडस्केप में पेश किया है। यह गीत श्रोताओं के दिलों को जीत लेगा, और उन्हें अपनी यादों एवं उन्हीं भावनाओं की दुनिया में ले जाएगा। भारत के अग्रणी म्यूज़िक कंपोज़र और गायक, शेखर रवजियानी ने कहा, "ज़हनसीब गीत मेरे हृदय के बहुत नजदीक है। यह गीत कुछ बेहतरीन ऊर्जाओं और खूबसूरत रचनात्मक प्रक्रिया द्वारा बनाया गया था।

# पुरस्कार व्यक्ति पर जिम्मेदारी बढ़ाते हैं : हार्दिक सिंह




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने पुरुष वर्ग में प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 पुरस्कार जीता। विशेष रूप से, उन्होंने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित हॉकी इंडिया छठे वार्षिक पुरस्कार 2023 में मिडफील्डर ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार भी जीता। यह पुरस्कार हार्दिक की असाधारण प्रतिभा, समर्पण और पिछले वर्ष के दौरान खेल में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। उनकी अटूट प्रतिबद्धता, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान के रूप में अनुकरणीय नेतृत्व और अद्वितीय प्रदर्शन ने उन्हें पिछले वर्षों में वैश्विक हॉकी सर्किट में एक असाधारण खिलाड़ी बना दिया है। 25 वर्षीय खिलाड़ी का खेल के शिखर तक का सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। उल्लेखनीय वादे के साथ अपने करियर की शुरुआत करते हुए, हार्दिक मैदान पर असाधारण तकनीकी कौशल और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य स्तंभ के रूप में विकसित हुए हैं। मिडफील्डर टीम का मार्गदर्शन करने और न केवल अपने लिए प्रशंसा अर्जित करने में बल्कि देश के लिए अपार गौरव और गौरव लाने में भी महत्वपूर्ण रहा है। जालंधर के रहने वाले 25 वर्षीय खिलाड़ी ने प्लेयर ऑफ द ईयर 2022 के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार भी जीता। लगातार दूसरे वर्ष पुरस्कार जीतने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, मिडफील्डर ने कहा, मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को मुझ पर विश्वास रखने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। यह मुझे और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।' ईमानदारी से कहूं तो, मुझे जीतने की उम्मीद नहीं थी क्योंकि हरमनप्रीत सिंह और पीआर श्रीजेश जैसे कई मजबूत दावेदार थे, जिन्होंने पिछले साल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। मेरा मानना है कि एक टीम के रूप में हमारा वर्ष उतार-चढ़ाव भरा रहा। मैं ईमानदारी से महसूस करता हूं कि मैं पूरी टीम की ओर से यह सम्मान स्वीकार कर रहा हूं। उन्होंने कहा, जब आपको ऐसे व्यक्तिगत पुरस्कार और मान्यता मिलती है तो आपकी ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है। मुझे लगता है कि जब महासंघ आपको ऐसे प्रतिष्ठित पुरस्कार देता है, तो इसका मतलब है कि वे आप पर भरोसा करते हैं और आप जो भी मैच खेलें उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। 2018 में सीनियर अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण करने के बाद, हार्दिक सिंह ने भारत के लिए 123 कैप पहनकर अपनी योग्यता साबित की है।

# महिला फुटबाल खिलाड़ियों के कमरे में घुस गया एआईएफएफ का सदस्य, हदें पार करने पर किया गया सस्पेंड



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को निलंबित कर दिया। वह आगामी सूचना तक निलंबित रहेंगे। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है। दरअसल भारतीय महिला फुटबॉल लीग के सेकेंड डिवीजन में भाग ले रही हिमाचल प्रदेश स्थित खाद एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने कथित आरोप लगाया कि क्लब के मालिक शर्मा ने 28 मार्च की रात को उनके कमरे में घुसकर उनके साथ मारपीट की थी। एआईएफएफ को लिखे शिकायत पत्र में दोनों महिलाओं ने आरोप लगाया कि इंडियन वुमेंस लीग के दूसरे डिवीजन में एक मैच के बाद वे अपने एकमोडेशन पर लौट आई और रात का खाना खत्म होने पर अंडे उबाल रही थीं। लड़कियों ने आरोप लगाया कि दीपक शर्मा नशे की हालत में थे। वह कमरे में घुस आए और उनके साथ मारपीट की। इससे पहले एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे , उपाध्यक्ष एन ए हैरिस और कोषाध्यक्ष किपा अजय ने सोमवार को शर्मा के खिलाफ खिलाड़ियों की शिकायतों पर गौर किया जिसके बाद एआईएफएफ के सदस्य संघों की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में शर्मा का पक्ष सुनने के बाद उन्हें बैठक से जाने के लिये कहा गया था।

# रोल्स रॉयस ने एयरो इंजन पर्ल 10एक्स का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण शुरू किया




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** रोल्स-रॉयस ने कहा कि उसने व्यावसायिक विमानन बाजार के लिए अपने नवीनतम एयरो इंजन पर्ल 10एक्स के लिए कंपनी के समर्पित बोइंग 747 परीक्षण स्थल पर उड़ान परीक्षण अभियान सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है। इंजन को फ्रांसीसी विमान निर्माता डसॉल्ट द्वारा विशेष रूप से अपने ब्रैंड न्यू फ्लैगशिप विमान फाल्कन 10एक्स को शक्ति देने के लिए चुना गया है। उड़ान परीक्षण की शुरुआत पर्ल 10एक्स कार्यक्रम और रोल्स-रॉयस के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह व्यापार विमानन बाजार में बढ़त पर केंद्रित है, जैसा कि पिछले साल के पूंजी बाजार दिवस में बताया गया था। पर्ल 10एक्स अत्याधुनिक पर्ल इंजन परिवार का सबसे नया सदस्य है और डसॉल्ट बिजनेस जेट को पावर देने वाला पहला रोल्स रॉयस इंजन है। फ्रांसीसी विमान निर्माता द्वारा अपने नए शीर्ष उत्पाद के लिए पर्ल 10एक्स का चयन व्यावसायिक विमानन में अग्रणी इंजन निर्माता के रूप में रोल्स-रॉयस की स्थिति का एक और प्रमाण है। अमेरिका में एरिजोना के टक्सन स्थित पायलट और उड़ान परीक्षण इंजीनियर आने वाले महीनों में परीक्षण करेंगे। उड़ान परीक्षण कार्यक्रम में विभिन्न गति और ऊंचाई पर इंजन के प्रदर्शन और हैंडलिंग जांच, इनफ्लाइट रिलेट्स, नैकेल के एंटी-आइसिंग सिस्टम के परीक्षण और विभिन्न ऊंचाई पर पंखे के कंपन परीक्षण शामिल होंगे। अब तक जमीनी स्तर पर विकास कार्यक्रम में नए अल्ट्रा-लो उत्सर्जन एएलएम कम्बस्टर का कठोर परीक्षण शामिल है।

## शक्ति पंप्स ने क्यूआईपी से 200 करोड़ रुपये अर्जित किये



**पीथमपुर, मध्य प्रदेश** । भारत में सोलर पंप और मोटर बनाने वाली विश्व की अग्रणी कम्पनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) से सफलतापूर्वक 200 करोड़ रुपये अर्जित किये ।

क्यूआईपी इश्यू में निवेशकों ने काफी रूचि दिखाई और इसे दो बड़े म्यूचुअल फंड - एलआईसी म्यूचुअल फंड और एसबीआई म्यूचुअल फंड द्वारा पूरी तरह से सब्सक्राइब कर लिया गया। इन बड़े फंड हाउस द्वारा किया गया यह निवेश सोलर पंप्स उद्योग की विकास क्षमता और उद्योग में शक्ति पंप्स की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। सोलर पंप उद्योग में विकास की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, क्यूआईपी से अर्जित किये गए धन का एक बड़ा हिस्सा रणनीतिक रूप से पंप/मोटर, इनवर्टर/वीएफडी और स्ट्रक्चर्स की क्षमता बढ़ाने में लगाया जाएगा। सरकार के नेतृत्व वाली पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से पंप्स उद्योग के लिए आने वाले समय में बहुत बड़े अवसर हैं क्योंकि अनुमान है कि कंपोनेंट-बी (ऑफग्रिड पंप) के तहत 14 लाख से अधिक सोलर पंप्स और कंपोनेंट- सी (ऑन ग्रिड पंप) के तहत 35 लाख सोलर पंप्स लगाए जाने हैं।

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन श्री दिनेश पाटीदार जी ने कहा, इस इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के सफलतापूर्वक पूरा होने और इन प्रतिष्ठित निवेशकों द्वारा हम पर जताए गए विश्वास से हम बहुत खुश हैं, जो नए आयामों तक पहुँचने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

शक्ति पंप्स को लगातार नए ऑर्डर मिल रहे हैं, 31 दिसंबर 2023 तक हमारे 2050 करोड़ रुपये के ऑर्डर बुक में है, जिसे अगले दो वर्षों में पूरा किया जाना है। शक्ति पंप्स की ऑर्डर बुक में कुछ राज्यों से दोबारा मिलने वाले ऑर्डर भी शामिल हैं जो शक्ति पंप्स के उत्पादों की गुणवत्ता और किसानों के भरोसे को दर्शाता है।

## भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत को पेश करती फिल्म बंगाल 1947

### डेटिंग ऐप्स के ज़रिये प्रेम तलाशती पीढ़ी फिल्म से जुड़ा हुआ महसूस करती है : सतीश पांडे




**रायपुर।** दो बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्माता सतीश पांडे और आकाशादित्य लामा द्वारा निर्देशित की नई फिल्म बंगाल 1947 को युवा दर्शकों ने सराहा है और 'क्रू' और 'गॉडजिला' जैसी ए लिस्टेड फिल्मों के साथ रिलीज होने के बावजूद यह फिल्म लोगों की पसंद बनी हुई है। बंगाल 1947 29 मार्च को रिलीज हुई है। इस फिल्म के निर्माताओं में सतीश पांडे, ऋषभ पांडे और आकाशादित्य लामा शामिल हैं। दर्शकों से मिली प्रतिक्रिया के बारे में बताते हुए, सतीश पांडे ने कहा, देवोलीना भट्टाचार्जी अभिनीत इस फिल्म ने युवा दर्शकों के बीच अभूतपूर्व प्रतिक्रिया पैदा की है, और ये युवा शबरी और मोहन के बीच की प्रेम कहानी से मंत्रमुग्ध हैं। दिलचस्प बात यह है कि डेटिंग ऐप्स के माध्यम से प्यार खोजने की आदी इस पीढ़ी को, फिल्म में दिखाया गया पुराने ज़माने का रोमांस बेहद निजी लगता है और वे उससे जुड़ा हुआ महसूस करते हैं।

वह आगे कहते हैं, एक निर्माता के रूप में यह मेरी और ऋषभ (जो एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता हैं) की पहली फीचर फिल्म है, और हमें जो जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, वह स्टोरीटेलर के तौर पर हमारी सफलता का सच्चा प्रमाण है। इस दिलचस्प फिल्म निर्माण यात्रा में टीम से जो सराहनीय सहयोग मिला, उसके लिए मैं टीम के सभी सदस्यों का बेहद आभारी हूं। हालांकि विशिष्ट विषय पर केंद्रित सिनेमा चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन इससे हमें ऐसी फिल्में बनाने की प्रेरणा मिलती है जो बदलाव लाती हैं, महत्वपूर्ण सामाजिक मूल्यों को सामने लाती हैं और सार्थक बातचीत को बढ़ावा देती हैं।

# अपोलो स्पैक्ट्रा और अपोलो वन ने दिल्ली में लॉन्च किया प्रीमियर बुटीक हेल्थकेयर हब

### टैनिस की जानी-मानी खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा ने पूसा रोड़, करोल बाग में नई प्रीमियम हेल्थकेयर युनिट का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली (विश्व परिवार) ।** अपोलो स्पैक्ट्रा को शॉर्ट स्टे सर्जरी में स्पेशलटी देखभाल के लिए जाना जाता है, वहीं अपोलो वन एआई आधारित प्रीवेन्टिव हेल्थकेयर समाधान उपलब्ध कराता है। यह बुटीक हॉस्पिटल सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम, कन्सलटेन्ट्स एवं आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मरीज़ों की स्वास्थ्य संबंधी सभी ज़रूरतों के लिए वन-स्टॉप समाधान उपलब्ध कराएगा ।

इस अवसर पर श्री एमबीएन राव, बोर्ड के चेयरमैन, अपोलो हेल्थ एण्ड लाईफस्टाइल लिमिटेड ने कहा, "यह बुटीक हॉस्पिटल प्रीमियम हेल्थकेयर को सभी के लिए सुलभ बनाएगा । हॉस्पिटल में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम और आधुनिक सुविधाएं मरीज़ों को नए स्तर की देखभाल प्रदान करेंगी। हॉस्पिटल आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं उपकरणों जैसे रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम, डायग्नॉस्टिक सेवाओं और प्रीवेन्टिव हेल्थ प्रोग्रामों के माध्यम से मरीज़ों को सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर उनके अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा ।

सभा को सम्बोधित करते हुए सानिया मिर्ज़ा, जो निवारक स्वास्थ्य देखभाल के पक्ष में रही हैं, ने कहा, "यह देखकर अच्छा लगता है कि अपोलो भविष्य के लिए तैयार मेडिकल टेक्नोलॉजी के माध्यम से मरीज़ों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है । यह बुटीक हॉस्पिटल एक्यूरेट डायग्नोसिस, पर्सनलाइज़्ड ट्रीटमेन्ट, सर्जिकल उपचार एवं प्रीवेन्टिव हेल्थ मैनेजमेन्ट में नए बेंचमार्क स्थापित करेगा ।

इस अवसर पर उन्होंने हॉस्पिटल के टेली-आईसीयू प्रोग्राम, रोबोटिक सर्जरी सुइट, कॉम्प्रीहेन्सिव डायग्नॉस्टिक सेंटर और अपोलो प्रो- हेल्थ पर्सनलाइज़्ड हेल्थ स्क्रीनिंग प्रोग्राम का भी अनावरण किया ।

श्री श्रीराम अइयर, सीईओ, अपोलो हेल्थ एण्ड लाईफस्टाइल लिमिटेड ने कहा, "यह युनिट प्रेसीज़न मेडिसिन, आधुनिक प्रीवेन्टिव केयर प्रोग्राम एवं सर्जिकल एक्सीलेन्स में विशेषज्ञ है । यह डायग्नॉस्टिक सेवाओं जैसे सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड स्कैन और मैमोग्राफी आदि के साथ बीमारियां के जल्द निदान को सुनिश्चित करती है। अपोलो वन 180 मिनट के स्क्रीनिंग प्रोग्राम के साथ प्रभावी परिणाम देता है । तीव्र टर्नअराउण्ड टाईम के साथ यह प्रोग्राम सुनिश्चित करता है कि आपकी व्यस्त दिनचर्या में भी आपकी जांच अच्छी तरह हो जाएण। अपोलो पूसा रोड, अपोलो स्पैक्ट्रा हॉस्पिटल्स नेटवर्क का एक एक भाग है, जिसमें 20 से अधिक हॉस्पिटल्स शामिल हैं। जहां सर्वश्रेष्ठ परिणामों के साथ 4,00,000 से अधिक सर्जिकल प्रक्रियाएं की जाती हैं । अपोलो स्पैक्ट्रा मरीज़ों की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए सेवाओं की व्यापक रेंज पेश करता है जिसमें स्पेशलटीज़ जैसे आर्थोपेडिक्स एवं स्पाइन, जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, ईएनटी, गैस्ट्रोएंट्रोलोजी, बैरिएट्रिक एवं यूरोलोजी आदि शामिल हैं ।

हॉस्पिटल के एंडोस्कोपिक स्यूट की बात करें तो यहां कोलोनोस्कोपी, अपर एंडोस्कोपी, लैप्रोस्कोपी आदि के माध्यम से मरीज़ों को उत्कृष्ट गैस्ट्रो-एंट्रोलोजी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। अपोलो स्पैक्ट्रा में सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन्स, आधुनिक आईसीयू हैं जहां अपोलो के सेंट्रल मेडिकल कमांड सेंटर के द्वारा टैली/ ई-आईसीयू के ज़रिए 24/7 रिमोट मॉनिटरिंग की जाती है । इसके अलावा प्रीमियम इनपेशेन्ट सुइट इस तरह से डिज़ाइन किए गए हैं कि ये मरीज़ों को अधिकतम आराम प्रदान करते हैं ताकि वे जल्द से जल्द ठीक हो सकें ।

वहीं दूसरी ओर अपोलो वन अपनी आधुनिक सेवाओं जैसे अपोलो प्रो हेल्थ एवं एआई-पावर्ड प्रेडिक्टिव रिस्क स्कोर के साथ प्रीवेन्टिव हेल्थ चैक सेवाएं उपब्ध कराता है। अपोलो प्रो-हेल्थ विभिन्न बीमारियों जैसे कार्डियक, लंग, मैटाबोलिक फंक्शन डिसऑर्डर, कैंसर, गट जेनेटिक्स आदि के समय पर निदान को सुनिश्चित करता है । यह डिजिटल रिकॉर्ड और नियमित हेल्थ मेंटर कॉल्स के माध्यम से मरीज़ों को ज़रूरी सलाह एवं फॉलो अप के लिए जानकारी देता है ।

